दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 228 जयपुर, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## सियासत पर चढ़ा 'लाल' रंग

## पीएम मोदी ने की 'लाल डायरी' की बात, तो सीएम गहलोत ने कहा... 'लाल सिलेंडर और लाल टमाटर' की कीमतों से हो रही लूट

# 'लाल डायरी' चुनाव में कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है: PM

बेधड़क | सीकर/जयपुर

राजस्थान की राजनीति में चर्चित 'लाल डायरी' प्रकरण बड़ा मुद्दा बनता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रदेश की गहलोत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सीकर की जनसभा में कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूट की दुकान चलाई है और झूठ का बाजार सजाया है। कांग्रेस का मतलब ही है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। लूट की इस दुकान का सबसे ताजा प्रोडक्ट है, राजस्थान की 'लाल डायरी'। उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कभी 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा दिया गया था और अब 'यूपीए इज इंडिया, इंडिया इज यूपीए' की बात की जा रही है।

मोदी ने कहा कि कहते हैं इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि इसके पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे। कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस डायरी का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें, लेकिन ये लाल डायरी इस चुनाव में पूरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है।

### राजस्थान ने बदली करवट तो मेरी गारंटी है किस्मत भी बदलेगी




**सभा में भीड़ देख गदगद हुए पीएम:** सभा में मौजूद लोगों की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि ये जन सैलाब बता रहा है कि आने वाले चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा। अब राजस्थान की करवट भी बदलेगी और मेरी गारंटी है कि राजस्थान की किस्मत भी बदलेगी।' उन्होंने कहा,'इसलिए आज राजस्थान में एक ही गूंज है, एक ही स्वर है, एक ही नारा है... जीतेगा कमल, खिलेगा कमल।

### पेपरलीक को लेकर साधा निशाना

मोदी ने राज्य में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर भी गहलोत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक का उद्योग चल रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार को हटाना होगा। मोदी ने कहा, इस बार एक ही नारा है- 'नहीं सहेगा राजस्थान', 'बहन-बेटियों पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान।'

### 'इंडिया' गठबंधन की तुलना सिमी से

मोदी ने विपक्ष के नए गठबंधन 'इंडिया' पर भी कटाक्ष करते हुए इसे कांग्रेस और उसके सहयोगियों का नया पैंतरा करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज देश की सबसे बड़ी दिशाविहीन पार्टी बनकर रह गई है। इन दिनों कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने एक नया पैंतरा चला है, ये पैंतरा है- नाम बदलने का। यूपीए (संप्रग) के कुकर्म लोगों को याद न आए इसलिए अपना नाम यू.पी.ए. से बदलकर आई. एन. डी. आई. ए. कर दिया है और इतना लंबा कर दिया कि लोग भूल जाएं। मोदी ने कहा कि यूपीए का नाम बदला है ताकि ये आतंकवाद के सामने घुटने टेकने का अपना पाप छिपा सकें। इन्होंने नाम बदला है ताकि ये कर्जमाफी के नाम पर किसानों से अपने विश्वासघात को छिपा सकें। यूपीए नाम बदला है ताकि ये गरीबों के साथ किए गए छल-कपट को छिपा सकें। इनका तरीका वही है जो हमेशा देश के दुश्मनों ने अपनाया है। इंडिया नाम तो ईस्ट इंडिया कंपनी में भी था, लेकिन वहां इंडिया नाम अपनी भारत भक्ति दिखाने के लिए नहीं, बल्कि भारत को लूटने के इरादे से लगाया गया था। कांग्रेस के शासनकाल में सिमी यानी स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया बना था। नाम में इंडिया था, लेकिन मिशन, इंडिया को आतंकी हमलों से बर्बाद करने का था। लोग आज जब आई एन डी आई ए की बात करते हैं तो दिखावा, छलावा और झूठ लगता है।

# महंगाई से लूटने वाली भाजपा को जनता दिखाएगी 'लाल झंडी': CM

बेधड़क | जयपुर

मोदी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि लूट तो प्रधानमंत्री ने 'लाल सिलेंडर' को 1150 रुपए में बेचकर और महंगे लाल टमाटर से मचा रखी है। अब जनता भाजपा को 'लाल झंडी' दिखाएगी।

प्रधानमंत्री की रैली के कुछ देर बाद मुख्यमंत्री आवास पर 'लाभार्थी संवाद' कार्यक्रम में गहलोत ने दावा किया कि ऐसी कोई लाल डायरी मौजूद नहीं है और यह कपोलकल्पित है। एक ऐसी डायरी को लेकर राजनीति हो रही है जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि असली लूट तो आपने (प्रधानमंत्री) मचा रखी है। लाल टमाटर 150 रुपए में बेचा जाता है, गुस्से में लोगों का चेहरा लाल हो गया है, क्योंकि उनकी आय महंगाई के बोझ के कारण प्रभावित होती है। उन्हें राहत प्रदान करने के बारे में बात करनी चाहिए थी कि लोगों को कैसे राहत दी जाए। प्रधानमंत्री के पास ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई जैसी एजेंसियों के होने का जिक्र करते हुए गहलोत ने सवाल उठाया कि इनके होते क्या उन्हें (प्रधानमंत्री) डायरी के बारे में जानकारी नहीं मिल सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाल डायरी को लेकर जानबूझकर प्रचार किया गया और पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को 'मोहरा' बनाया गया।

### डायरी का कोई अस्तित्व नहीं, यह महज कपोल कल्पित

### क्या मोदी इतने घबरा गए हैं!

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा के अंदर (भाजपा विधायकों द्वारा) 50-60 लाल रंग की डायरियां लहराई गईं... कल मैंने सुना कि ऐसी डायरियों को संसद में भी लहराया गया था, तो क्या मोदी इतने घबरा गए हैं?' उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेताओं ने हाल ही में रैलियां कीं और राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता घबराकर कुछ भी बोल रहे हैं। गहलोत ने कहा कि राजस्थान सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है।




### कार्यक्रम में 'संबोधन' से नाम हटाने को लेकर तल्खी

पीएम मोदी ने जनसभा में कहा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन पैरों में दिक्कत के कारण वह नहीं आ सके। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। इससे पहले गहलोत ने सुबह ट्वीट कर कहा था कि प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ ने प्रधानमंत्री मोदी के सीकर वाले कार्यक्रम में उनका पूर्व निर्धारित 'संबोधन' कार्यक्रम से हटा दिया है। वहीं, पीएमओ के अनुसार गहलोत को इस कार्यक्रम के लिए विधिवत आमंत्रित किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय ने सूचित किया कि वे इसमें फिजिकली शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके बाद गहलोत ने 'मिनट टू मिनट' कार्यक्रम एवं उनके कार्यालय से भेजे पत्र की प्रति शेयर करते हुए कहा कि 'कल रात को मुझे पुन: अवगत करवाया गया कि मेरा संबोधन नहीं होगा।' क्या पीएम या पीएमओ को मेरे पैर में फ्रैक्चर के बारे में पता नहीं था? बाद में गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े।

## जरूरी खबर

### स्टार निशान वाले नोट वैध: भारतीय रिजर्व बैंक



**मुंबई।** आरबीआई ने 'स्टार' निशान वाले नोट की वैधता को लेकर जताई जा रही तमाम आशंकाएं खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि ये नोट किसी भी दूसरे वैध नोट के ही समान हैं। आरबीआई ने बयान में कहा कि सीरियल नंबर वाले नोटों की गड्डी में गलत ढंग से छपे नोट के बदले स्टार निशान वाले नोट जारी किए जाते हैं। केंद्रीय बैंक ने यह स्पष्टीकरण नोटों के नंबर पैनल में स्टार निशान होने पर उनकी वैधता को लेकर कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में आशंकाएं जाहिर किए जाने के बाद दिया है।

### IND Vs WI: पहला वनडे भारत 5 विकेट से जीता



**बारबाडोस।** भारत ने वेस्टइंडीज को यहां खेले गए पहले वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। वेस्टइंडीज पहले बैटिंग करते हुए 23 ओवर में सिर्फ 114 रन ही बना सकी। कुलदीप यादव ने 4 विकेट उखाड़े। इसके जवाब में भारत ने 23 ओवर में 5 विकेट पर 118 रन बनाकर ये मैच अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत के लिए ईशान किशन ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

### मौसम: बीसलपुर में 24 घंटे में आया 7 सेमी. पानी

# कोटपूतली में 9 सेमी. से अधिक बारिश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में शुक्रवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। इधर टोंक के बीसलपुर में 24 घंटे में 7 सेमी. की आवक हुई। इस 315.50 आरएल मीटर क्षमता वाले बांध का जलस्तर बढ़कर 313.68 आरएल मीटर पहुंच गया। इसके अलावा शेखावाटी इलाकों और पूर्वी राजस्थान में कई जगह तेज बारिश दर्ज हुई। राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह मौसम साफ रहा, वहीं शाम को आसमान में बादल छाए और कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। उधर, झुंझुनूं में भी दोपहर बाद जमकर बारिश हुई, जिसके बाद शहर की कई सड़कें दरिया बन गईं और आमजन का जनजीवन प्रभावित हुआ। सीकर के खंडेला में शाम को तेज बारिश आने से घरों और दुकानों में पानी घुस गया। वहीं, यहां पानी के तेज बहाव में एक बाइक पर सवार दो युवक भी बह गए।

जल संसाधन विभाग के अनुसार गुरुवार को सर्वाधिक बारिश जयपुर की कोटपूतली तहसील में 95 एमएम दर्ज हुई। अलवर के बहरोड़ में 86 एमएम, झुंझुनूं के पिलानी में 68.7 एमएम के अलावा दर्जन से अधिक जगहों पर 30 एमएम से अधिक बरसात हुई। दूसरी तरफ, मानसूनी सीजन में 1 जून से गुरुवार तक प्रदेश में कुल 333 एमएम औसत बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो राज्य की औसत वर्षा से 145 एमएम अधिक है। यहां 188 एमएम औसत बारिश होती है। मौसम विभाग जयपुर निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार रविवार से प्रदेशभर में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। वैसे, शुक्रवार को जयपुर के इलाकों समेत आधा दर्जन जगह भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

देखें पेज 3 भी


@ जयपुर

फोटो: पंकज शर्मा

### मानसून हाइलाइट...

राज्य में अब तक कुल 333MM औसत बारिश हो चुकी है, जबकि एक जून से 26 जुलाई तक 188MM औसत वर्षा होती है। जिलेवार रिपोर्ट देखें तो जालोर, पाली, सिरोही और राजसमंद ऐसे जिले हैं, जहां अब तक 500MM से ज्यादा बरसात हो चुकी है।

### डैमेज कंट्रोल: गुढ़ा के तेवर ढीले पड़े

## बसपा से कांग्रेस में आए MLA मिले गहलोत से

बेधड़क | जयपुर



बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए पांच विधायकों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। मुलाकात ऐसे समय हुई है, जबकि इसी खेमे के एक विधायक राजेन्द्र गुढ़ा ने बगावती तेवर अपना रखे हैं। विधायक लाखन मीणा, संदीप यादव, दीपचंद खेरिया, वाजिब अली और जोगेंद्र सिंह आवाना गुरुवार दोपहर को मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। इन विधायकों के साथ गहलोत ने करीब आधा घंटे तक चर्चा की। माना जा रहा है कि विधायकों के साथ गहलोत की राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई है।

### गुढ़ा बोले- महेश जोशी मेरे साथी

बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के गुरुवार को तेवर कुछ ढीले दिखाई दिए। गुढ़ा ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि वो विपक्ष के लोग हैं, वो उनका धर्म है। वो अपना काम करेंगे। कोई भी कमजोर जगह दिखेगी तो चोट करेंगे ही। गुढ़ा ने कहा कि कांग्रेस ने लूज बोल क्यों फेंकी, लूज बोल फेंकोगे तो सिक्स लगेगा, सामने बैट्समैन खड़े हैं। साल 2018 और 2013 में भी मेरी टक्कर बीजेपी से ही थी। मेरे यहां पर कांग्रेस तो है ही नहीं, भाजपा से मेरा कोई लेना देना नहीं है। महेश जोशी के आरोप पर गुढा ने कहा कि महेश जी मेरे विधानसभा के साथी हैं। मंत्री परिषद में वे मेरे साथी रहे हैं। यूनिवर्सिटी के समय से मैं उनका सम्मान करता हूं और यूनिवर्सिटी के प्रसिडेंट रहे हैं, कोई बात होगी तो मैं उनसे कर लूंगा।

## ईडी मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को 15 सितंबर तक बढ़ाने की इजाजत देते हुए गुरुवार को स्पष्ट किया कि इसके बाद कोई कार्यकाल विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। जस्टिस गवई, जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, 'क्या हम यह छवि पेश नहीं कर रहे हैं कि और कोई नहीं है और पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है।' शीर्ष विधि अधिकारी ने दलील दी कि एफएटीएफ की समीक्षा के मद्देनजर ईडी के मौजूदा नेतृत्व का बने रहना आवश्यक है, क्योंकि एफएटीएफ की रेटिंग मायने रखती है।

### इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर (500 रु.) योजना

# लाखों लाभार्थियों के खातों में सीएम गहलोत ने डाले 156 करोड़

- योजना के कुल 36.76 लाभार्थियों के बैंक खाते में गई सब्सिडी की राशि
- अगले महीने से मिलेंगे फ्री फूड पैकेट, 15 से होगी योजना शुरू
- 10 अगस्त से महिलाओं को दिए जाएंगे स्मार्टफोन

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेशवासियों को गुरुवार को खासी सौगात और राहत दी। गहलोत ने सीएमआर से इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के 36.76 लाख लाभार्थियों के खातों में 155.92 करोड़ रुपए से अधिक की राशि को एक साथ ट्रांसफर किया।

सीएम ने वीसी के जरिए प्रदेशवासियों को संबोधित किया और बटन दबाकर अप्रैल माह के डीबीटी के लाभ से शेष रहे 1.72 लाख उपभोक्ताओं को 7.32 करोड़ रुपए, मई माह के 16 लाख 71 हजार उपभोक्ताओं को 70 करोड़ 86 लाख रुपए और जून माह के 18 लाख 33 हजार उपभोक्ताओं को 77 करोड़ 73 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर की। सिलेंडर सब्सिडी योजना के पंजीकृत उपभोक्ताओं को राशि ट्रांसफर का यह दूसरा चरण है।

इससे पहले 5 जून को सीएम ने लगभग 14 लाख पंजीकृत उपभोक्ताओं के खातों में करीब 60 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की थी।



### महिलाओं को स्मार्टफोन के सरकार देगी 6,125 रुपए

राज्य सरकार 10 अगस्त से हर जिले में कैंप लगाकर स्मार्टफोन बांटेगी। पहले चरण में करीब 40 लाख महिलाओं को फोन बांटे जाएंगे। इनमें 9वीं या उससे ऊपर की कक्षा में पढ़ने वाली छात्राओं, विधवा या अकेली रहने वाली और शहरी रोजगार गारंटी में 50 दिन व मनरेगा में 100 दिन का काम पूरा करने वाले परिवार की महिला मुखिया को प्राथमिकता दी जाएगी। खास बात यह होगी कि सरकार डाटा रिचार्ज (9 महीने) के 675 रुपए और मोबाइल फोन खरीद के लिए 6125 रुपए देगी।

**केंद्र दिलाए महंगाई से राहत:** सीएम ने कहा कि देश का आम नागरिक बढ़ती हुई महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। केन्द्र आम लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए कदम उठाए। इसके लिए ही राजस्थान सरकार मात्र 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। वहीं, राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां कानून बनाकर न्यूनतम आय की गारंटी प्रदान की गई है।

### राशन डीलर्स के जरिए मिलेंगे राशन किट

राज्य सरकार अन्नपूर्णा फूड पैकेट की सौगात 15 अगस्त से शुरू होगी। यह वितरण राशन डीलर्स के माध्यम से किया जाएगा। राशन किट में सरसों का तेल, चीनी, नमक और मसाले शामिल होंगे। गहलोत ने कहा कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना गारंटी के तहत 1 करोड़ 6 लाख परिवारों को निशुल्क फूड पैकेट का वितरण 15 अगस्त शुरू होगा। वहीं, मुख्यमंत्री कामधेनू बीमा योजना भी शीघ्र लागू होगी।

## जरूरी खबर

### राजस्थान राज्य स्थापत्य कला बोर्ड का गठन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापत्य कला बोर्ड के गठन को मंजूरी दी है। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 3 अन्य गैर सरकारी सदस्य होंगे। बोर्ड में स्कूल शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के शासन सचिव, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आयुक्त सरकारी सदस्य होंगे। बोर्ड का उद्देश्य कुमावत जाति के लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं प्रस्तावित करना, राज्य सरकार को अभिशंषा के साथ सुझाव देना है।

### प्रसव वॉच एप्लीकेशन को एक्सीलेंस अवॉर्ड




**जयपुर।** राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग की प्रसव वॉच एप्लीकेशन को चिकित्सा क्षेत्र में इनोवेशन के लिए नेशनल पब्लिक हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित नेशनल हेल्थ टेक इनोवेशन कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान की ओर से यह सम्मान स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह के प्रतिनिधि के रूप में आवासीय आयुक्त धीरज श्रीवास्तव और परियोजना निदेशक डॉ. तरुण चौधरी ने लिया। गौरतलब है कि राज्य के प्रमुख उच्च प्रसवभार वाले 360 मेडिकल इंस्टीट्यूट पर डिजिटलाइज क्लिनिकल केयर और मॉनिटरिंग के लिए प्रसव वॉच एप्लीकेशन संचालित की जा रही है।

### आठ आईटीआई में 24 नए पदों का होगा सृजन

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने 10 जिलों में नगरीय निकायों के कुल 11 सदस्यों और एक सभापति के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि उपचुनाव के लिए चार अगस्त को लोक सूचना जारी होगी। नामांकन पत्र आठ अगस्त प्रस्तुत किए जाएंगे। 10 अगस्त को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 12 अगस्त को अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। 14 अगस्त को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा और 20 अगस्त को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 21 अगस्त को सुबह 9 बजे से मतगणना की जाएगी।

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने नियमों में किया बदलाव** अब वन विभाग लगाएगा पेड़

# उद्यमियों को राहत, खनन क्षेत्र में पौधरोपण की शर्त खत्म

■ माइनिंग लीज धारकों से वसूली जाएगी राशि

**बेधड़क** | जयपुर

माइनिंग लीज धारकों के लिए अब खनन क्षेत्र में अनिवार्य पौधरोपण की शर्त खत्म कर दिया गया है। उद्यमी अब पैसे देकर पेड़ लगाने से बच सकेंगे। राज्य सरकार ने औद्योगीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने और उद्यमियों के लिए सुविधाओं के विस्तार का हवाला देते हुए अनिवार्य शर्त को हटा दिया है। जबकि पहले खनन पट्टे पर सहमति लेने के लिए माइनिंग के 1/3 स्थान पर करना पौधरोपण करना अनिवार्य होता था। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने बताया कि खनन उद्यमियों के लिए प्रोसेस को सरल बनाते हुए अनिवार्य पौधरोपण की शर्त में शिथिलता प्रदान की गई है।

अब खनन व्यवसायी वन विभाग को निर्धारित धन राशि जमा कर अनिवार्य पौधरोपण की प्रक्रिया से बच सकेंगे। ऐसे में वन विभाग की ओर से जमा की गई धन राशि से पौधरोपण करने का काम होगा। इससे खनन व्यवसायियों को खनन व्यवसाय स्थापित करने में आसानी होगी, साथ ही वन विभाग को बजट मिलने से होने वाले पौधरोपण से राज्य में हरियाली और पेड़ों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इससे प्रदेश में अधिक संख्या में पौधरोपण हो सकेगा और प्रदेश प्रदूषण मुक्त राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।



### माइंस विभाग को भी करना होगा बदलाव

माइंस, पेट्रोलियम विभाग ने हाल ही में प्रदेश के माइंस पट्टाधारकों से खान सुरक्षा मानकों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खान मालिक खनन क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधरोपण करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाई जा सके। हालांकि अब प्रदूषण विभाग के आदेश के बाद माइंस विभाग को भी अपने आदेश बदलने होंगे।

### पौधरोपण नहीं हो पाता था सफल

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने बताया कि कई मामलों में विशेष रूप से जब खदानें छोटी होती हैं, तो अनिवार्य पौधरोपण की शर्त का पालन करने के लिए परियोजना प्रस्तावक के पास अनुपयुक्त भूमि, सीमित स्थान जैसे विभिन्न कारकों के कारण पौधरोपण सफल नहीं हो पाता था। इसके लिए खनन उद्यमियों को खनन क्षेत्र के 1/3 स्थान पर अनिवार्य रूप से पौधरोपण आवश्यक था। साथ ही वहां पर स्थान की मात्रा सीमित होने की स्थिति में खनन स्थान से दूसरी जगह पौधरोपण करना होता था। उद्यमियों को इस तरह की पेशाानियों का सामना करना पड़ता था। इसलिए उनकी समस्या को दूर करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अनिवार्य पौधरोपण की शर्त का मुख्य उद्देश्य खनन स्थान पर प्रदूषण की समस्या से निजात पाना है। अब खनन उद्यमियों द्वारा वन विभाग को पौधरोपण के लिए निर्धारित राशि जमा करवाई जा सकेगी और इस राशि से वन विभाग पौधरोपण कर सकेगा।

**PM ने किया करोड़ों की योजनाओं का** लोकार्पण व शिलान्यास

# किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सरकार: मोदी

■ किसानों के खाते में 18 हजार करोड़ की राशि ट्रांसफर

■ 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित



**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सीकर से देश के करोड़ों किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त भेजी। इस दौरान देश के नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि बटन दबाकर ट्रांसफर की।

इसके अलावा पीएम मोदी ने वर्चुअल रूप से प्रदेश के 7 मेडिकल कॉलेजों का शिलान्यास, 6 एकलव्य विद्यालय और सवा लाख किसान समृद्धि केंद्रों का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम में सीकर में 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्रों को राष्ट्र को समर्पित किया और उन्हें किसानों के लिए वन-स्टॉप सेंटर बताया जो उनकी समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश के किसान का दुख-दर्द समझती है और वह उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है तथा उसने पिछले नौ साल में लगातार किसानों के हित में फैसले किए हैं। इसके साथ ही मोदी ने किसानों को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार किसानों को यूरिया की कीमतों को लेकर कोई परेशानी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके गांव विकसित होंगे। उनकी सरकार गांवों में हर वह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है, जो शहरों में उपलब्ध है। मोदी ने कहा, हमारी सरकार किसानों को यूरिया की कीमत से परेशान नहीं होने देगी।

### जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

सीकर में सभा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सांवली सर्किल स्थित सभास्थल पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र तोमर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती और भजनलाल शर्मा सहित अन्य नेताओं ने साफा बांधकर और हल भेंट करके अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के अन्य नेताओं के लगातार यहां दौरे हो रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस साल में राजस्थान में मोदी का यह सातवां कार्यक्रम था। मोदी ने की सीकर रैली शेखावाटी इलाके में हुई जहां गत विधानसभा चुनाव में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।



## मोदी के सीकर दौरे से गरमाई सियासत

### संघ व गीता का अपमान करने वालों को जनता सिखाएगी सबक

मोदी के सीकर दौरे से प्रदेश की सियासत भी गरमा गई है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने किसान सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजीत सिंह रंधावा के संघ विरोधी और गीता पर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर पलटवार किया। जोशी ने कहा कि संघ वो चीज है जो मंदबुद्धि को भी बुद्धि देने का काम करता है। संघ सांसों को व्यायाम कराने वाली संस्था है। भगवद गीता हमारी मां है और मां का अपमान देश कतई नहीं सहेगा। जो लोग संस्कृति पर हमला करते हैं, उन्हे जनता आगामी 2023 के विधानसभा चुनावों में सबक जरूर सिखाएगी।

### वादों का हिसाब दे मोदी सरकार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस सरकार के कामों का हिसाब मांग रहे हैं किन्तु केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा 9 वर्ष में कितने वादे पूरे किए गए, इसका हिसाब जनता को देने से बच रहे हैं। राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों की प्यास बुझाने वाली ईआरसीपी योजना का वादा करने के बावजूद भी राष्ट्रीय परियोजना नहीं बनाकर राजस्थान की जनता के साथ वादाखिलाफी कर रहे हैं।

### जनता का किया अपमान

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यक्रम को हटाने को राजस्थान की जनता का अपमान बताया है। जोशी ने कहा है की भाजपा द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ध्वस्त किया जा रहा है। संवैधानिक ढांचे के अनुसार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को हटाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत है। यह कांग्रेस को लेकर भाजपा का भय है।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयारी

# बसपा ने तीन सीटों पर उतारे प्रत्याशी





■ राजेन्द्र गुढ़ा, वाजिब अली और जोगिंदर सिंह अवाना के लिए पार्टी के रास्ते बंद

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सबसे पहले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है।

पार्टी ने तीन विधानसभा प्रत्याशी के नामों की घोषणा की है। पार्टी के ऐलान के बाद यह साफ हो गया कि साल 2018 के चुनावों में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने और फिर दूसरी पार्टी में शामिल हुए प्रत्याशियों को अब फिर से पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं बनाएगी। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने बताया कि गुरुवार को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर धौलपुर शहर से रितेश शर्मा, भरतपुर के नगर से खुर्शीद अहमद और नदबई से खेमकरण तैली को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

बसपा ने इन तीनों प्रत्याशियों को इन विधानसभाओं का प्रभारी भी बनाया है।

### दल बदलने वालों के लिए रास्ता बंद

पिछली बार बसपा के टिकट पर नदबई से जोगिंदर सिंह अवाना और नगर से वाजिब अली ने चुनाव जीता था और विधायक बने थे। चुनाव जीतने के बाद बसपा से जीते विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर 6 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी, लेकिन राजेंद्र गुढ़ा समेत छह विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अब पार्टी ने दल बदलने वाले नेताओं के लिए रास्ते बंद कर दिए हैं।

# सी-20 का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन कल से

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व CM गहलोत करेंगे शिरकत

**बेधड़क** | जयपुर

जी-20 के सहभागी समूह सिविल-20(सी20) का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन 29 जुलाई को जयपुर में शुरू होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी भाग लेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में 16 कार्य समूहों द्वारा तय की गईं नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी। सम्मेलन के उद्घाटन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री गहलोत, सी-20 की अध्यक्ष माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) और मेक्सिको दूतावास के राजदूत फेडरिको सालास लोटफे शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम में 700 से अधिक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे, जिनमें दुनियाभर के नागरिक समाज संगठन, प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और जी-20 अधिकारी शामिल हैं। सम्मेलन के समापन पर राज्यपाल कलराज मिश्र, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, जी-20 इंडिया के शेरपा अमिताभ कांत शामिल होंगे।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

# चार हजार वरिष्ठ नागरिक हवाई यात्रा से करेंगे पशुपतिनाथ के दर्शन

■ देवस्थान विभाग व आईआरसीटीसी के बीच हुआ एमओयू

**बेधड़क** | जयपुर

देवस्थान विभाग वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2023 के तहत 4 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा के जरिए पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कराएगा। यात्रा को लेकर गुरुवार को उद्योग भवन में देवस्थान विभाग एवं आईआरसीटीसी के बीच एक एमओयू भी साइन किया गया।

इस अवसर पर देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप यह एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को राज्य सरकार द्वारा नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए चार हजार यात्रियों को पशुपतिनाथ मंदिर की हवाई यात्रा कराई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा इस हवाई यात्रा को आईआरसीटीसी के जरिए करवाया जाएगा। यह यात्रा 28 जुलाई से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेगी और प्रतिदिन 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिक यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव देवस्थान विभाग अपर्णा अरोड़ा, विशिष्ट शासन सचिव शक्ति सिंह, आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, उपायुक्त सुनील मतड़, सहायक आयुक्त रतन लाल योगी एवं आईआरसीटीसी के रीजनल मैनेजर, योगेंद्र गुर्जर, प्रबंधक प्रदीप माहेश्वरी व प्रबंधक वित्त शंभू शर्मा मौजूद रहे।




### दिल्ली से शुरू होगी हवाई यात्रा

देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने बताया कि जयपुर से दिल्ली की यात्रा आईआरसीटीसी के जरिए बस से संपन्न होगी। दिल्ली से वरिष्ठ नागरिक इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से काठमांडू, पशुपतिनाथ मंदिर के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के तीर्थ स्थलों के दर्शन करने के सपने को राज्य सरकार रेल यात्रा एवं हवाई यात्रा के जरिए पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि निरंतर इस योजना में नए तीर्थ स्थलों को भी सम्मिलित किया जा रहा है। गौरतलब है की विभग द्वारा करीब 15 तीर्थ स्थलों पर वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है।

### इस साल 40 हजार लोग करेंगे यात्रा

मंत्री रावत ने कहा कि शुक्रवार से शुरु हो रही यह यात्रा 2 सितंबर तक चलेगी और प्रतिदिन 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिक इस यात्रा पर जाएंगे। शुक्रवार को श्री गंगानगर जिले के 100 यात्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन यात्रा के लिए काठमांडू जाएंगे। इस वर्ष योजना के तहत 40 हजार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे, जिसमें 36 हजार यात्री रेल यात्रा एवं 4 हजार हवाई यात्रा से दर्शन कर पाएंगे।

### योजना में यह तीर्थ स्थल शामिल

देवस्थान विभग की ओर से उज्जैन-ओंकारेश्वर मंदिर (मध्यप्रदेश), कामाख्या (गुवाहटी), गंगासागर (कोलकत्ता), जगन्नाथपुरी, तिरुपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, प्रयागराज-वाराणसी, बिहार शरीफ, मथुरा-वृंदावन, रामेश्वरम-मदुरई, वेलनकानी चर्च (तमिलनाडू), वैष्णोदेवी-अमृतसर, सम्मेदशिखर-पावापुरी, हरिद्वार- ऋषिकेश तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जा रही है।

### ये है लिस्ट

रावत ने बताया कि 28 जुलाई को श्री गंगानगर जिले के 100 यात्री, 29 जुलाई को हनुमानगढ़ जिले के 107 यात्री, 30 जुलाई को दौसा जिले के 97 यात्री, 31 जुलाई को सीकर जिले के 109 वरिष्ठ नागरिक यात्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन यात्रा के लिए काठमांडू जाएंगे। इन समस्त यात्रियों को यात्रा की तारीख से एक दिन पहले दोपहर तीन बजे बलदेव परशुराम धर्मशाला, जल महल के सामने आमेर रोड जयपुर पर अपनी उपस्थिति देनी होगी।

## जरूरी खबर

### नर्सिंगकर्मी एक अगस्त से करेंगे दो घंटे की स्ट्राइक



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर में नर्सिंगकर्मियों का धरना दसवें दिन भी जारी रहा। अब नर्सेज के राज्य व्यापी आह्वान पर 1 अगस्त से टोकन स्ट्राइक की जाएगी, जिसमें इमरजेंसी को छोड़कर समस्त नर्सेज 2 घंटे की काउंटर स्ट्राइक में शामिल होंगे। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के मनोज दुब्बी ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों को नहीं माना गया तो कार्य बहिष्कार के बाद नर्सेज 23 अगस्त को महारैली करेंगे और अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। वहीं, 10वें दिन गुरुवार को भी प्रदेश के जिला चिकित्सालय के साथ एसएमएस के मुख्य द्वार पर धरना जारी रहा। धरने में अनेश सैनी, सोमकांत मीणा, रमेश सैनी, अभिषेक शर्मा, नरेन्द्र सिंह शेखावत, सूजा वर्गीस सहित कई लोग शामिल हुए।

### कत्ल की रात आज, कल मनेगा मुहर्रम

**जयपुर।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम शनिवार को मनाया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार को कत्ल की रात मनाई जाएगी। इसमें मुस्लिम धर्म के लोग ताजियों को रात में शहर में घुमाएंगे और इमाम हुसेन और उनके साथियों की कुर्बानी की याद में मातम मनाएंगे। इस दौरान शहर के कई इलाकों में ताजिए बनाए गए हैं, जिनमें विशेषकर मोहल्ला महावतान, गुलजार मस्जिद, चांदपोल तफायफान, पन्नीगरान, नीलगरान, नालबंदान, हांडीपुरा, सिरकीगरान, बड़ वालों की मस्जिद, जालूपुरा, रेहमानियों, लुहारों का खुर्रा, पहलवानों का ताजिया, मछलीवालान के ताजिये विशेष हैं। शनिवार को ताजिये जुलूस के रूप में सुभाष चौक होते हुए रामगढ़ मोड़ स्थित कर्बला पहुंचेंगे, जहां रात को सुपुर्द-ए-खाक होंगे।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**राजधानी में भारी बरसात:** निचले इलाकों में पानी भरने से कई जगह लगा लंबा जाम

# जयपुर में झमाझम, सड़कों पर दिखाई दीं सागर सी लहरें

## ■ जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल पर दिनभर में 3 एमएम बारिश दर्ज

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में गुरुवार को भी तेज बारिश हुई। इससे जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली, वहीं सडकों पर पानी भर जाने से आवागमन में परेशानी भी हुई।

कई जगह पर लंबा जाम भी दिखाई दिया, जिससे थोड़ी सी दूरी पार करने में भी काफी वक्त लगा। कई वाहन चालक गिर भी गए।

मानसरोवर, वैशाली नगर समेत नाहरगढ़ इलाके और सीकर रोड पर दिनभर बारिश का दौर चला। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार एयरपोर्ट इलाके में बूंदाबांदी के अलावा शहरी इलाकों में तेज बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, कलेक्ट्रेट सर्किल पर दिनभर में 3 एमएम बारिश दर्ज की गई।



फोटो: पंकज शर्मा

### दिनभर यूं चला बारिश का दौर

राजधानी में दिनभर मौसम के अलग- अलग रूप नजर आए। यहां सुबह के समय तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो दिन में बढ़कर 32 डिग्री भले ही पहुंच गया हो मगर शाम होते होते वापस 26 डिग्री पर आ गया। दिन में करीब पांच से छह बार रुक-रुक कर तेज बरसात हुई। बार-बार हो रही बरसात से दिनभर आमजन परेशान होते नजर आए।

### नाले उफान पर, सड़कें लबालब

दिन में बारिश के लगातार कई बार तेज आने की वजह से नाले ओवरफ्लो हो गए। इससे दिनभर शहर के अलग-अलग इलाकों में जलभराव की समस्या रही। सुबह से शुरू हुई बारिश ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं सुबह आई बारिश के कारण मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों की भी दिनचर्या प्रभावित हुई। इसके अलावा सड़कों पर भरे पानी की वजह से लोगों को पैदल चलने में परेशानी हुई तो वहीं बाइक सवार बारिश के दौरान जगह- जगह बचाव की जगह ढूंढते नजर आए।

### घरों में घुसा पानी

राजधानी के ग्रामीण इलाकों में भी गुरुवार को तेज बारिश रिकॉर्ड की गई। सर्वाधिक बारिश कोटपूतली में 95 एमएम के अलावा विराटनगर में 35 एमएम और शाहपुरा में 30 एमएम दर्ज की गई। विराटनगर में तेज बारिश के कारण लोगों के घरों में पानी घुस गया और सड़कें पानी से लबालब हो गईं।

### आज भी वर्षा का अलर्ट

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राजधानी के के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी शुक्रवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 31 जुलाई तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान रात और दिन का तापमान क्रमशः 25 से 32 डिग्री तक रहने की संभावना है।

**यह कैसी अनदेखी...** सबकी सुध लेने वाले की कोई नहीं ले रहा सुध

# आठ बरस से किराए की जमीन पर विराजमान हैं श्री भगवान

## ■12 मंदिरों की मूर्तियां पुनर्वास के इंतजार में

**जयपुर मेट्रो के निर्माण के समय परकोटे से हटाए थे 13 मंदिर**

**नरेन्द्र चतुर्वेदी** | बेधड़क

**जयपुर।** भगवान! जो सबकी सुध लेते हैं, राजधानी में उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। आठ साल से किराए की जमीन पर विराजमान हैं, लेकिन उनके पुनर्वास की किसी को चिंता नहीं है। गौरतलब है कि जयपुर मेट्रो के निर्माण के समय परकोटे से 13 मंदिर हटाए गए थे, जिनमें से 12 की मूर्तियां अब तक पुनर्वास के इंतजार में है।

मूल स्थान पर शिफ्ट होने के इंतजार में बैठे भगवान को जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि भूल बैठे हैं। कभी भक्तों से घिरे भोलेनाथ की वर्तमान में हालत ये है कि सावन जैसे शिव की आराधना के महीने में भी न तो इनकी नियमित पूजा हो रही है, ना ही इन्हें अपने मूल स्थानों पर वापस शिफ्ट किया जा रहा है। मंदिरों को लेकर सत्ता का ख्वाब देखने वाले राजनेता भी इनके अस्थायी भवनों में जाने से कतरा रहे हैं।

मेट्रो का निर्माण पूरा होते ही इन बारह मंदिरों को मूल स्थान पर वापस शिफ्ट करने का दंभ भरने वाला जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भी इनकी सुध नहीं ले रहा है। हालात तो इतने खराब हैं कि भक्त और भगवानों के लिए बने देवस्थान विभाग ने भी अपने भगवान को जमीन 2.50 लाख रुपए महीने के किराए पर दे रखी है।



### ये हैं वे 12 मंदिर

- कष्ट हरण महादेव मंदिर
- रामेश्वर महादेव
- बारह लिंग महादेव
- कंवल साहब हनुमान मंदिर
- बड़ के बालाजी
- पिप्लेश्वर महादेव
- हनुमान जी— महादेव जी— माता जी मंदिर
- गौरी शंकर महादेव
- अमनेश्वर महादेव
- जमनेश्वर महादेव
- ध्रुवमुखी महावीर
- गणेशजी— शिवजी मंदिर



> “ मंदिर हटाते समय मेट्रो प्रशासन ने जगह छोड़ी थी। नक्शा भी बनाया था। फिर पता नहीं क्यों देवों को मूल स्थान पर नहीं स्थापित किया। कष्टहरण महादेव का मेटर तो कलेक्टर ने ही अटका रखा है। कई बार ज्ञापन दे दिया।
>
> **-रंजीत मोदी**, संयोजक, छोटी चौपड़-बड़ी मंदिर प्रकरण संघर्ष समिति संयोजक



### भूमिगत सुरंग में माना था अड़चन

परकोटे में चांदपोल से बड़ी चौपड़ तक मेट्रो निर्माण के समय साल 2016 में तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई थी। बैठक में अधिकारियों ने बताया था कि चांदपोल से बड़ी चौपड़ तक 13 मंदिर हैं, टनल की खुदाई से उन्हें खतरा हो सकता है। ऐसे में इन्हें निर्माण पुरा होने तक अन्यत्र शिफ्ट कर दिया जाए। निर्माण पूरा हाते ही मूल स्थान पर स्थापित कर देंगे।

### तीन जगहों पर किया था शिफ्ट

हटाए गए 13 मंदिरों में से छह मंदिरों को माणक चौक थाने के पीछे देवस्थान विभाग की जमीन पर स्थापित किया गया। दो को त्रिपोलिया बाजार स्थित तंवर जी का नोहरा में, जबकि पांच को पुराने अतिश मार्केट में स्थापित किया गया। रोजगारेश्वर मंदिर को तो सरकार ने वापस अपनी जमीन पर स्थापित कर दिया, लेकिन अन्य 12 मंदिरों को शिफ्ट करना भूल गई।

### ढाई करोड़ रुपए किराया बकाया

सरकार ने इन मंदिरों के लिए जमीन को ही स्थायी रूप से आवंटित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन देवस्थान विभाग ने मेट्रो विभाग को साल 2017 में 2.50 लाख रुपए प्रति महीने में किराए पर दे दी। जमीन मेट्रो निर्माण पूरा होते ही वापस देनी थी, लेकिन न तो मंदिर शिफ्ट किए और ना ही किराया दिया है। वर्तमान की बात करें तो यह किराया करीब ढ़ाई करोड़ रुपए है।

### नियमित पूजा की कोई व्यवस्था नहीं

त्रिपोलिया बाजार स्थित आतिश मार्केट में कष्टहरण महादेव, रामेश्वर महादेव, बारह लिंग महादेव, कंवल साहब हनुमान मंदिर और बड़ के बालाजी को स्थापित किया था। यहां पूजा-पाठ की कोई नियमित व्यवस्था नहीं है। यहां झाड़ू लगा रहे जयसिंहपुरा खोर निवासी सत्यनारायण ने बताया कि सभी मंदिरों में अलग-अलग पुजारी नियुक्त हैं। कभी कोई सफाई के लिए आ जाता है तो कभी नहीं। आरती भी नियमित नहीं हो पाती है। माणक चौक थाने के पीछे बने गौरी शंकर महादेव के गेट पर भी ताला लगा हुआ था। लोगों ने बताया कि वैसे तो यह देवस्थान विभाग के अधीन है फिर भी पूजा पाठ का कोई नियम नहीं है। पुजारी जब चाहे ताला लगाकर चला जाता है।

**प्रॉपर्टी विवाद में की हत्या**

## सेना के जवान ने अपने छोटे भाई को गोली मारी

**बेधड़क** | जयपुर



प्रॉपर्टी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली दी। जयपुर कमिश्नरेट के बिंदायका थाना इलाके में प्रॉपर्टी विवाद के चलते बुधवार रात को यह घटना हुई।

एसीपी बगरू अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बिंदायका स्थित नारायण एनक्लेव में रहने वाले मृतक हीरा सिंह 40 व आरोपी बड़ा भाई धीर सिंह 43 एमपी के भिंड के रहने वाले हैं। गोली चलाने वाला बड़ा भाई धीर सिंह सेना में जवान है, जो वर्तमान में पठानकोट में तैनात है। वहीं, मृतक हीरा सिंह रेलवे में कैंटीन चलाता हैं, जो सवाई माधोपुर रहता है। इन दोनों भाईयों के बीच पिछले कई सालों से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। धीर सिंह एक सप्ताह पहले छुट्टी पर आया था। बुधवार देर रात छोटा भाई हीरा सिंह कार के पास खड़ा कुछ कर रहा था। सायरन बजा तो बड़ा भाई धीर सिंह बंदूक लेकर छत पर गया और हीरा सिंह पर फायर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 12 बोर बंदूक बरामद कर ली है।

## हाथ और आंख नियमित रूप से साबुन से धोएं

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में आई फ्लू बीमारी के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सबसे ज्यादा बच्चों में आई फ्लू के केस सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसीएस शुभ्रा सिंह के निर्देश पर चिकित्सा विभाग ने आईफ्लू से बचाव का प्रचार-प्रसार करने और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए हैं। संयुक्त निदेशक अंधता निवारण प्रकोष्ठ डॉ. सुनील सिंह ने बताया कि आई फ्लू से बचाव के लिए नियमित तौर पर हाथों को साबुन से धोना चाहिए। आंखों को नियमित रूप से साफ पानी से धोयें।

## बारिश से टूटा टेंट, फिर भी धरने पर डटे रहे शिक्षक



**बेधड़क** | जयपुर

राजकीय विश्वविद्यालयों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं में वित्त विभाग की ओर से जारी ओपीएस आदेश के अंतर्गत नियोक्ता अंशदान राशि जमा करने के विरोध में कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रहा।

बरसात में गुरुवार को टेंट टूट जाने के बावजूद कर्मचारी धरने पर डटे रहे। राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि पेंशन विसंगतियों को लेकर विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मचारी कुलपति सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की भेदभाव पूर्ण नीति को समाप्त किया जाए।

**राजनीति का हुड़दंग**

# राजस्थान विश्वविद्यालय में तोड़फोड़, मारपीट, गाड़ियों के तोड़े गए शीशे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में छात्र संघ चुनावो से पहले ही राजस्थान विश्वविद्यालय में शरारती तत्वों ने रंग दिखाना शुरू कर दिया हैं। प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षा के मंदिर में शिक्षा की जगह अब लड़ाई झगड़ों और मारपीट का माहौल बन चूका है। गुरुवार को राजस्थान कॉलेज में विश्व विद्यालय के ही एक छात्रावास के स्टूडेंट्स ने करीब 12 बजे जमकर हंगामा किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब दर्जन भर स्टूडेंस्ट ने चेहरे पर मास्क बांधकर आए और केनोपियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कॉलेज परिसर के बाहर आम छात्रों की सहायता के लिए लगी हुई कई छात्र नेताओं की केनोपी को तोड़ दिया। छात्र नेता हितेश यादव, देव पलसानिया, राजेंद्र गौरा की गाड़ियों के शीशे फोड़ दिए। वहीं, वहां मौजूद स्टूडेंस्ट के साथ मारपीट शुरू कर दी।



### छात्र से मारपीट, पैर में हुआ फैक्चर

असामाजिक तत्वों के हंगामे के दौरान वहां पर मौजूद आम छात्रों के साथ मारपीट भी की गई। मारपीट के कारण दो छात्र चोटिल हो गए। वहीं, एडमिशन करवाने आए एक छात्र राधे यादव के दाएं पैर में फ्रेक्चर हो गया। हंगामें के बाद सैकड़ों छात्रों ने कुलपति सचिवालय का घेराव किया और आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। चोटिल छात्र को ही कुलपति सचिवालय में लाकर छात्रों ने करीब एक घंटे तक धरना प्रदर्शन किया।

### गांधीनगर थाने में दी शिकायत

हंगामे के बाद छात्र नेता हितेश यादव ने गांधीनगर थाने में मारपीट और गाड़ियों में तोडफ़ोड़ के लिए 7 नामजद सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई हैं। हितेश ने विवेकांनद छात्रावास के छात्रों और अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और विश्वविद्यालय से निष्कासन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को भी पत्र लिखा है।

### विवि प्रशासन बना मूक दर्शक

छात्र संघ चुनाव से पहले ही विश्वविद्यालयों के छात्रावास में रहने वाले स्टूडेंट्स विभिन्न प्रकार की मांग करना शुरू कर देते हैं। छात्र नेता भी कुछ वोटों के लिए कई प्रकार की सुविधाएं देते हैं। जानकारी के अनुसार छात्र अच्छे खाने, होटल्स में पार्टी, फिल्मो की टिकट सहित कई प्रकार की मांग करते हैं। वहीं, छात्रावास के स्टूडेंट्स को व्यवस्थाएं नहीं मिलने पर तोड़फोड़ और मारपीट कर देते हैं। पिछले एक महीने में दर्जन भर से अधिक घटनाएं होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ हैं।

### चुनाव पर रोक लगवाने की साजिश तो नहीं

इन घटनाओं को देखते हुए चर्चा है कि विश्वविद्यालय में आए दिन होते हंगामे कहीं छात्रसंघ चुनावों पर रोक लगाने की साजिश तो नहीं हैं। यह चुनावी साल है। ऐसे में इस माहौल को आधार बना कर कोर्ट में छात्रसंघ चुनाव को चुनौती दी जा सकती है। पहले भी 2010 में ऐसा हुआ था, जब ऐसे ही माहौल को आधार बना कर छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी गई थी।

## जरूरी खबर

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं को किया प्रदर्शित



**माउंटआबू**। केंद्रीय विद्यालय आबू पर्वत में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी एनईपी की तीसरी वर्षगांठ गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का केंद्रीय विद्यालय आबू पर्वत में क्रियान्वयन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण अधिगम सामग्री को प्रदर्शित किया गया। केंद्रीय विद्यालय जालौर के प्राचार्य विनोद भारती ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूप-रेखा, उद्देश्य, प्रगति आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिले के राजकीय एवं निजी विद्यालय के प्राचार्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

### खुली जेल से भागा आरोपी सात दिन बाद गिरफ्तार

**झालावाड़**। कोटा सेंट्रल खुली जेल से एक सप्ताह पहले फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा था। बंदी सोम सिंह उर्फ सोनू नायक निवासी हरिजन बस्ती सांगोद को खानपुर थाना पुलिस टीम ने गुरुवार को पकड़ लिया। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि बंदी सोनू 19 जुलाई को फरार हो गया था। सर्च अभियान में वाड़ा स्थित गणेश मंदिर के पीछे छुपे व्यक्ति को डिटेन कर नाम पता पूछा। उसने अपना नाम सोम सिंह उर्फ सोनू बताया। इसके बारे में जानकारी की तो खुली जेल से फरार बंदी होना सामने आया।

### विप्र महाकुंभ में 27 को जुटेंगे लाखों समाजबंधु



**कोटा**। विप्र फाउंडेशन की ओर से 27 अगस्त को दशहरा मैदान में विप्र महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर गौतम वाटिका दादाबाड़ी में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने समाजबंधुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में 84 लाख ब्राह्मण होने के बावजूद समाज पिछड़ा है। अब हमें हमारे हक के लिए लड़ना होगा। मातृशक्ति महाकुंभ की के लिए घर-घर पीले चावल वितरण कर रही है। बैठक को रघुनंदन गौतम, दिनेश शर्मा, रमेश चन्द्र गौतम सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

---

**डीएसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास,** 50 लाख रुपए हड़पने का आरोप


# बिजनेस पार्टनरों से परेशान कारोबारी ने खुद को लगाई आग

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के केकड़ी में गुरुवार को एक माइंस कारोबारी के खुद को आग लगाकर आत्मदाह के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि व्यापारी ने बिजनेस पार्टनरों से परेशान होकर यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार डीएसपी ऑफिस के बाहर माइंस कारोबारी अशोक गौतम ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली।

इसके बाद वह चिल्लाते हुए इधर-उधर भागने लगा। एक बार तो उसे आग से घिरा देखकर लोग सकते में आ गए, लेकिन फिर कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया। बामुश्किल लोगों ने आग को बुझाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। आग से कारोबारी करीब 50 प्रतिशत तक झुलस गया। हालत गंभीर होने पर उसे अजमेर रेफर किया गया।

अशोक गौतम केकड़ी के शांति नाथ में किराए से रहता है। यह परिवार मूलतः चूरू का रहने वाला है। केकड़ी क्षेत्र में अशोक ने पार्टनरशिप में माइंस ले रखी है। पार्टनरों ने उसे 50 लाख से ज्यादा का नुकसान पहुंचा दिया। इस पर उसने पुलिस में भी शिकायत की, जहां उसका राजीनामा करवा



दिया गया। इसके बावजूद पार्टनरों ने बकाया पैसे नहीं दिए तो उसने वापस शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यह पूरा मामला पिछले करीब एक साल से चल रहा था। अशोक ने 25 जुलाई 2022 को पारस गुर्जर और अनिल दाधीच के खिलाफ केकड़ी सिटी थाने में रिपोर्ट भी दी थी।

इसके बाद पुलिस ने दो दिन में ही 50 प्रतिशत पैसा देने का सेटलमेंट करवा दिया था। लेकिन यह पैसा नहीं दिया गया था। एसपी चूनाराम जाट ने कहा कि हमने इस मामले की जांच केकड़ी एएसपी को सौंप दी है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जिन पर पीड़ित ने आरोप लगाए हैं, उनकी भूमिका की जांच की जाएगी।

### मां बोली- किसी ने आग लगाई

घटना के बाद कारोबारी की मां किरण शर्मा भी अस्पताल पहुंची, जहां बेटे की हालत देखकर उनके आंसू नहीं थमे। रुंधे गले से उसने कहा कि हम कई बार पुलिस को शिकायत कर चुके, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। हम इसकी शिकायत लेकर सुबह डीएसपी ऑफिस भी आए थे। इस दौरान मैं पानी पीने गई और किसी ने मेरे बेटे को आग लगा दी। मां का कहना है कि वह खुद नहीं जला, किसी ने उसे जलाया है। मामले को लेकर जानकारी में आया है कि अशोक गौतम ने भीलवाड़ा के आसींद में महावीर जैन से एक माइंस पांच साल के लिए लीज पर ली थी। इसमें केकड़ी का रहने वाला अतुल दाधीच भी पार्टनर बना। इसकी एवज में तय हुआ कि अतुल दाधीच अशोक को 16 लाख 75 हजार रुपए देगा, लेकिन उसने 12 लाख 50 हजार रुपए ही दिए थे।

### पार्टनरों से यह था विवाद

अशोक गौतम ने बताया कि लीज चलाने के लिए उसके एक करोड़ 55 लाख रुपए खर्च हुए थे। इस बीच माइंस पर अतुल दाधीच ने अपने परिचित कपिल सुवालका निवासी देवगांव की एलएनटी मशीन किराए पर भेजी। मशीन खराब होने पर एक महीने तक खड़ी रही। जिसके बाद अतुल और कपिल सुवालका ने मिलीभगत कर 9 लाख 50 हजार रुपए किराया बकाया बताया। अशोक का आरोप है कि इन पैसों के लिए अतुल और कपिल ने उसे बंधक बना कर मारपीट की। अतुल दाधीच, कपिल सुवालका और मनीष दाधीच ने उसे घाटे के पैसे देने से भी मना कर दिया और मारपीट कर 10 लाख 61 हजार रुपए कैश और 6 लाख 4 हजार रुपए का चैक ले लिया। अशोक ने 25 जुलाई, 2022 को केकड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

---

**सीकर में अलग-अलग जगह हुई** दुर्घटनाओं से मची चीख-पुकार

# सड़क हादसों में NRI सहित पांच लोगों की गई जान व आठ घायल

**बेधड़क** | सीकर

जिले में तीन जगह अलग-अलग हादसों में एक एनआरआई सहित पांच लोगों की जान चली गई। वहीं आठ लोग घायल हो गए। हादसों के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के शिकार लोगों को संभाला। वहीं पुलिस ने मृतकों के शव को मोर्चरी में रखवाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें भीषण हादसा फतेहपुर सदर इलाके में मयूर होटल के सामने नेशनल हाइवे संख्या-11 पर हुआ। इसमें कार और पिकअप के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन जने घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी ने बताया कि सदर थाना इलाके के मयूर होटल के सामने पिकअप और कार के बीच में हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है। इनकी पहचान फारूख (50) पुत्र इस्माइल निवासी लूणकरणसर, रिकी शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी लुधियाना, पंजाब (एनआरआई) और पिकअप ड्राइवर सीकर निवासी रफीक (54) पुत्र रहमान की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल समीर (20) पुत्र मनवर, सउद (25) पुत्र याकूब और शोएब (26) सीकर निवासी हैं। इनको इलाज के लिए सीकर रैफर किया गया। उन्होंने बताया कि पिकअप का टायर फटने से अनियंत्रित होकर कार से भिड़ गई।



### पैर फिसलकर कुएं में गिरी दो बच्चियों की मौत

अजमेर। जिले के नजदीकी ग्राम झड़वासा में पानी निकालते समय पैर फिसलने से कुएं में गिरी दो बच्चियों के डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से शवों को बाहर निकाला और स्थानीय राजकीय अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अंजली उर्फ काली (14) पुत्री घीसालाल और संतरा (13) पुत्री राजू जंगल में बकरियां चराने गई थीं। इसी दौरान दोनों बकरियों को पानी पिलाने के लिए कुएं से पानी निकाल रही थीं। पैर फिसलने से दोनों बच्चियां कुएं में गिर गई। इसके बाद एक अन्य बालिका उन्हें ढूंढते हुए कुएं के पास पंहुची तो दोनों की चप्पले कुएं के बाहर पड़ी देख ग्रामीणों को सूचित किया।

### ट्रेलर से भिड़ी कार, एक की मौत

दूसरा हादसा फतेहपुर सदर इलाके में नेशनल हाइवे पर हुआ, जहां एक कार की ट्रेलर से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ठेडी निवासी अशोक पुत्र ओमप्रकाश की मौत हो गई। कार में 6 लोग सवार थे। उनको भी हल्की चोट आई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया और कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार कार सवार लोग देशनोक करणी माता के दर्शन करके वापस लौट रहे थे। इस दौरान वे हादसे का शिकार हो गए।

### ऑटो के ऊपर पलटा ऑयल टैंकर, चालक की थमी सांसें

जिले के रामगढ़ बाइपास पर गुरुवार को पॉम ऑयल से भरा टैंकर एक ऑटो रिक्शा पर पलट गया। टैंकर के नीचे दबने से ऑटो चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फतेहपुर से चूरू जा रहे पाम ऑयल से भरे टैंकर ने गधा गाड़ी को टक्कर मार दी। ट्रेलर का बैलेंस बिगड़ने के बाद तीन ऑटो के ऊपर पलट गया। ऑटो में बैठे लोग टैंकर को अपनी तरफ आते देखकर उतरकर भागे, लेकिन पैर से दिव्यांग एक ऑटो ड्राइवर सादिक (48) पुत्र जमाल निवासी वार्ड 5 टैंकर के नीचे दब गया।

---

**दोनों थे नजदीकी रिश्तेदार**

# युवक व नाबालिग ट्रेन के आगे कूदे, ट्रैक पर बिखरे मिले शव



**बेधड़क** | अलवर

जिले में एक युवक और नाबालिग ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। ट्रेन से कटने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक पर दोनों के शव बिखर गए। लोगों को जब इसका पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार देर रात 12 बजे राठ नगर रेलवे ट्रैक की है।

सदर थाना प्रभारी दिनेश कुमार मीणा ने बताया कि एक युवक (22) नाबालिग लड़की (17) को लेकर ट्रेन के आगे कूद गया। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अलवर शहर के पहाड़गंज में लड्डू खास बगीची रहता था। मंगलवार 25 जुलाई को वह अपनी बुआ की नाबालिग बेटी को लेकर गायब हो गया था। उसी दिन लड़के के पिता ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं लड़की के पिता ने महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें अपनी साली पुष्पा के बेटे शुभम पर बेटी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाने की बात कही है।

परिजनों ने दोनों को काफी तलाश किया, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। दूसरे दिन बुधवार की रात 1 बजे दोनों के शव पुलिस को रेलवे ट्रैक पर बिखरे मिले। सदर थानाधिकारी ने बताया मृतका नाबालिग ने 10वीं तक पढ़ाई कर रखी थी। वहीं मृतक युवक किराना की दुकान पर मजदूरी करता था। दोनों के मकान आस-पास हैं।

---

**जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट** व्यापारी को बनाया शिकार

# हनीट्रैप में फंसाकर वसूले 16.50 लाख

**बेधड़क** | नागौर

जोधपुर के एक हैंडीक्राफ्ट व्यापारी को हनीट्रैप में फंसा कर मोटी रकम लेते दो महिलाओं को कुचामन सिटी थाना पुलिस ने गुरुवार को बस स्टैंड से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला ने किस्तों में 16.50 लाख रुपए वसूलने के बाद 10 लाख रुपयों की और मांग करने पर यह कार्रवाई पुलिस ने की है।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी धरिया उर्फ भावना पत्नी लाबु राम बंजारा (42) निवासी दलपतगढ़ जिला पाली हाल सेक्टर 8 थाना खुडी



जिला जोधपुर और सुशीला देवी रावत पत्नी प्रताप सिंह (38) निवासी गांव देदाखेड़ा थाना जवाजा जिला अजमेर की रहने वाली है। इनके बारे में जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट व्यापारी की ओर से 18 जुलाई को रिपोर्ट दी गई कि भावना बंजारा जोधपुर में रहने के दौरान चूड़ियां बेचने उसकी दुकान पर आती थी।

उसने धीरे-धीरे जान पहचान बढ़ाते हुए उसको अपने झांसे में ले लिया। विकलांगता का फायदा उठाकर कुचामन सिटी बुला पहले रुपए उधार लिए। बाद में बलात्कार का झूठा आरोप लगाकर बदनाम करने और उसकी अश्लील फोटो लेकर वायरल करने की धमकियां दे अलग-अलग किस्तों में 16.50 लाख रुपए हड़प लिए।

इसके बाद अब 10 लाख रुपये की और मांग कर रही थी। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। एसपी जोशी ने बताया कि हनी ट्रैप के मामले के खुलासे के लिए एडिशनल एसपी संजय गुप्ता व सीओ संजीव कटेवा के सुपर विजन में एसएचओ कुचामन सिटी सुरेश कुमार की टीम गठित की गई। पुलिस ने व्यापारी से कॉल करवा धरिया उर्फ भावना को 10 लाख रुपए लेने बस स्टैंड बुलाया। जहां पैसे लेते रंगे हाथों दोनों महिलाओं को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। दोनों महिलाओं को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है।

---

**स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी के खिलाफ** विरोध प्रदर्शन पर उतरे

# लद्दाख की छात्रा ने की आत्महत्या

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के किशनगढ़ स्थित राजस्थान सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक छात्रा ने बुधवार देर रात खुदकुशी कर ली। छात्रा के खुदकुशी की घटना के बाद बाकी स्टूडेंट्स ने विरोध प्रदर्शन उतर गए।

हालांकि, अभी तक छात्रा के खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि यूनिवर्सिटी में 6 महीने में यह दूसरा मामला है। स्टूडेंट्स 7 दिन में घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अजमेर के बांदर सिंदरी थाना क्षेत्र स्थित यूनिवर्सिटी में बुधवार रात लद्दाख



की रहने वाली फुन्स्टॉग डोल्मा (28) सोशलवर्क डिपार्टमेन्ट की पीएचडी छात्रा ने खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी के बाद यूनिवर्सिटी की एंबुलेंस के जरिए उसे किशनगढ़ यज्ञनारायण अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतका फुन्स्टॉग डोल्मा कैंपस के हॉस्टल बी-1 में रहती थी। करीब 8 बजे फुन्स्टॉग डोल्मा ने खाना खाया था। इसके बाद वह अपने हॉस्टल के रूम में चली गई। अन्य छात्राओं ने खिड़की से देखा तो पंखे पर लटकी हुई देखी। इस पर वार्डन को सूचना दी गई।

हॉस्टल के स्टाफ ने डोल्मा के रूम का दरवाजा तोड़ा गया और उसे नीचे उतारा गया। यहां से उसे यूनिवर्सिटी की डिस्पेंसरी लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद किशनगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

**जमीन विवाद में 80 साल के पिता की कर दी थी हत्या**

# जिंदगीभर सलाखों के पीछे आंसू बहाएगा हत्यारा बेटा

■ जज ने कहा-सेवा करने की उम्र में क्रूरता जघन्य अपराध

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बुजुर्ग पिता की हत्या के आरोपी को मरते दम तक जेल में रहने की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेंद्र दीक्षित ने फैसले में लिखा- ऐसे बेटे को मौत की सजा नहीं, जिंदा रहने तक जेल में रहने की सजा देना ठीक होगा।

आगे लिखा- आरोपी ने अपने पिता की बेरहमी से हत्या की। बेटे



के पैदा होने पर खुशियां मनाना और पूरे मोहल्ले में लड्डू बांटना भारतीय संस्कृति में शामिल है। हर पिता अपने बेटे से जायज उम्मीद रखता है कि बुढ़ापे में बेटा ध्यान रखेगा। वही बेटा जब 80 साल के बुजुर्ग पिता की बेरहमी से हत्या करता है तो पूरे समाज पर इसका असर पड़ता है। यह सामाजिक नजरिए से भी बहुत निंदनीय है। वकील की ओर से ऐसे आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग की गई है।

इस मांग में वजन है। हालांकि ऐसे बेटे को मौत की सजा देने की बजाए जिंदगीभर कैद की सजा देना ज्यादा न्यायोचित होगा। ताकि वो जिंदगीभर जेल की चारदीवारी में अपने जन्मदाता के खिलाफ किए गए उस घिनौने कृत्य को लेकर आत्म विश्लेषण करे और आंसू बहाए।

### 29 साक्ष्य पेश किए गए थे

पुलिस ने जांच के बाद चालान पेश किया। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी करते हुए लोक अभियोजक भारत भूषण शर्मा ने 10 गवाहों के बयान करवाए। वहीं 29 साक्ष्य भी पेश किए गए थे। कोर्ट में तर्क दिया कि जिस उम्र में पिता को पुत्र के सहारे की जरुरत होती है, उस उम्र में आरोपी ने अपने बुजुर्ग पिता की सेवा करने के बजाए क्रूरता से उसकी हत्या कर दी। यह जघन्य कृत्य है। आरोपी को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। जज ने पत्रावली पर आए साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए आरोपी छोटूराम को सजा और जुर्माना से दंडित किया।

### यह था मामला

जिले के गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के भौड़की गांव में नितड़ों की ढ़ाणी निवासी छोटूराम (48) ने 9 अगस्त 2019 को अपने 80 साल के पिता शिवमाल की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद बॉडी को गुढ़ागौड़जी हॉस्पिटल लाया गया था। उस वक्त आरोपी के भाई हरिराम ने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी थी। हरिराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में हरिराम ने बताया कि वे 4 भाई हैं। 9 अगस्त की सुबह 9.15 बजे पिता शिवमाल ( 80) खेत में बने मकान की कच्ची रसोई के पास बैठे थे। उसी वक्त छोटूराम अपने हाथ में बाकड़ा (दांतला) लेकर आया और बुजुर्ग पिता की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर डाले। पिता शिवमाल वहीं गिर गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

### दो बच्चों का पिता है आरोपी

छोटूराम शादीशुदा है। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। एक लड़का गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है। वहीं दूसरा लड़का प्राइवेट जॉब करता है। छोटूराम मजदूरी और खेती-बाड़ी किया करता था। उसके जेल जाने के बाद मां अपने बच्चों को मेहनत मजदूरी कर पाल रही है।

---

# फर्जी डाकिया बनकर की 3.50 लाख रुपए की ठगी

■ ठग ने मोबाइल पर लिंक भेजकर खाते से उड़ाए रुपए

**बेधड़क** | अलवर

फोन कॉल पर विश्वास करना एक व्यापारी को भारी पड़ गया। अलवर शहर में गुरुवार को एक ठग ने अपने को डाकिए बताकर गारमेंट दुकानदार से करीब साढ़े 3 लाख रुपए ठग लिए।

घटना के बाद दुकानदार ने बैंक खाते को सीज कराया। साइबर सेल को शिकायत दी। पुलिस अब पैसे दिलाने की कोशिश में लगी हुई है। मामले के अनुसार रेडिमेड गारमेंट्स व्यापारी हितेश भाटिया के पास गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे फोन आया कि वह डाकिया बोल रहा है। आपके बैंक संबंधी कागजात हैं। घर पर कई बार गया। किसी ने रिसीव नहीं किया। आपको एक मैसेज भेजा है। उसे दूसरे डाकिए के नंबर पर भेज दो। ये लिंक आपके नंबर पर भेज दिया। है। दुकानदार अपने काम में व्यस्त था। उसने अधिक नहीं सोचकर ठग के बताए नंबर पर लिंक भेज दिया। उसके भेजने के करीब एक घंटे बाद बैंक अकाउंट से पहले 1 लाख कटे। फिर दो बार और पैसा कट गया। करीब साढ़े 3 लाख रुपए दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। तुरंत बंधन बैंक खाता सीज कराया। साइबर सेल को शिकायत भी कर दी। अब पता नहीं पैसा वापस आ सकेगा या नहीं। मैंने तुरंत शिकायत की और खाता भी सील करा दिया था।

### मणिपाल यूनिवर्सिटी में जनसंपर्क की चुनौतियों पर हुई वेबीनार

# सोशल मीडिया की पेड न्यूज हैं पीआर प्रोफेशनल्स के लिए चुनौती


बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. गोविंद पारीक ने कहा कि पीआर प्रोफेशनल्स के सामने सोशल मीडिया पर चलने वाली फेक न्यूज एक बड़ी चुनौती हैं।

पारीक गुरुवार को मणिपाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से 'भारत में जनसंपर्कः उभरती चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित वेबिनार में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। वेबिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए पारीक ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जनसंपर्क का महत्व तेजी से बढ़ा है। अगर इसकी शुरुआत से देखा जाए तो पहले कुछ संगठन ही होते थे जो इस पेशे से जुड़े थे। तब इसमें बहुत कम संभावनाएं थीं।

लेकिन संगठनों के बढ़ने के साथ-साथ जनसंपर्क में अवसर भी तेजी से बढ़ते गए। जनसंपर्क विशेषज्ञों के गुणों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि व्यवसाय की आवश्यकताओं को देखते हुए लेखन और संपादन की क्षमता अच्छी होनी चाहिए। जो भी प्रेस नोट तैयार करते हैं उसकी भाषा स्पष्ट और शब्द सरल होने चाहिए। इन सबके साथ उसकी प्रस्तुति आकर्षक होनी चाहिए। जनसंपर्क अधिकारी में आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण, धैर्य और अपनी बात रखने की कला आनी चाहिए।

उसका व्यवहार मधुर होना चाहिए। इन सबके साथ पीआर प्रोफेशनल का मीडिया हाउसेज और पत्रकारों के साथ संपर्क और संवाद भी अच्छा होना चाहिए। पारीक ने सोशल मीडिया, प्रेस कॉन्फ्रेंस, कठपुतली शो, लाइव इवेंट जैसे पारंपरिक पीआर टूल्स पर भी बात की।




#### जनसंपर्क का रोल महत्वपूर्ण

कार्यक्रम की शुरुआत कला संकाय की डीन डॉ. प्रो. कोमल औदिच्य के स्वागत भाषण से हुई। प्रो. कोमल औदिच्य ने कहा कि आजकल जनसंचार के क्षेत्र में पीआर एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इससे भविष्य में हमारे छात्रों को अधिक लाभ होने वाला है। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की हेड डॉ. वैशाली कपूर ने कहा कि आजकल पीआर के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सभी संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। वेबिनार में विभाग के विद्यार्थियों ने कई सवाल पूछे और पारीक ने उनका बखूबी जवाब दिया।

## Yuva स्टोरीज



**कारगिल युद्ध के सैनिकों को किया याद |**
**जयपुर।** एमजीडी गर्ल्स स्कूल की स्टूडेंट्स ने राजस्थान एनसीसी के उप महानिदेशक एयर कमोडोर एल के जैन के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया। जयपुर ग्रुप के प्रशासनिक ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आर एस यादव भी इस दौरान उपस्थित थे। स्टूडेंट्स ने भारत के जवानों के शौर्य को याद किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। स्कूल प्रिंसिपल अर्चना एस मनकोटिया ने कारगिल विजय दिवस का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। एयर कमोडोर एल के जैन ने स्टूडेंट्स को एनसीसी से जुड़ने और भविष्य में सेना से जुड़कर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की एनसीसी चीफ अधिकारी अंजली शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय छात्राओं के उत्साह तथा लगन को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एस एस सागवान, कर्नल एसएस मनकोटिया, वाइस प्रिंसिपल प्रमेंद्र खंगारोत व विद्यालय के सभी कोऑर्डिनेटर्स मौजूद रहे।

**आरएएस दूसरे फेज के साक्षात्कार 7 से |**
**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2021 के द्वितीय चरण के साक्षात्कार की तिथि जारी कर दी है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि दूसरे फेज के साक्षात्कार 7 अगस्त से 18 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं। मूल प्रमाणों के अभाव में अभ्यर्थी को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।



**डीडीजी ने किया कैडेट्स को मोटिवेट |**
**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को एनसीसी राजस्थान डायरेक्टरेट के मुखिया डिप्टी डायरेक्टर जनरल (डीडीजी) एयर कमोडोर एलके जैन का व्याख्यान हुआ। जैन ने छात्रों को उनकी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर भारतीय सशस्त्र बलों में कॅरियर की योजना बनाने में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पहला द्वंद्व खुद से उस व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई है। उन्होंने छात्रों को भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कोटा ग्रूप में सिम्युलेटर ट्रेनिंग शुरू हो गई है और इस ट्रेनिंग से कैडेट्स को बेहतर गतिविधियों का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर आरटीयू के कुलपति प्रो. एसके सिंह ने बताया कि हमारे आरटीयू के एक एनसीसी कैडेट अभिनव व्यास का नौसेना में पायलट के पद पर चयन हुआ है। आरटीयू के एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. एके द्विवेदी ने बताया कि डीडीजी ने पाइलटिंग करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर फ्लाइंग ऑफिसर एसएस गोदारा ने बताया कि सशस्त्र बलों में शामिल होने के इच्छुक छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने बड़े उत्साह और जिज्ञासा के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**शिक्षा से आएगा सकारात्मक परिवर्तन |**
**जयपुर।** विश्व हिंदू फोरम के संस्थापक और विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त सचिव स्वामी विज्ञानानंद ने कहा है कि हिंदू समाज को विश्व में सम्मान तभी मिलेगा जब वर्तमान और भावी पीढ़ी अपने दिमाग और संसाधनों का सही दिशा में उपयोग करते हुए कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करे। स्वामी विज्ञानानंद गुरुवार को मालवीयनगर के पाथेय कण संस्थान के महर्षि नारद सभागार में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। बैंकाक में 24 से 26 नवंबर को होने वाली विश्व हिंदू कांग्रेस में शामिल होने का आमंत्रण देने पहुंचे स्वामी विज्ञानानंद ने हिंदुओं के अतीत, वर्तमान और भविष्य को लोगों के सामने रखा। आईआईटी खडग़पुर से इंजीनियरिंग में स्नातक स्वामी विज्ञानानंद ने बड़ी बेबाकी से कहा कि हिंदू समुदाय के पास उसे प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने और उनका समाधान करने के लिए कोई सुसंगत वैश्विक मंच नहीं है। लेकिन अब समय आ गया है कि इस विसंगति को तोड़कर हिंदू समाज को 21वीं सदी और उससे आगे ले जाया जाए। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जो समाज अच्छी तरह से शिक्षित नहीं है, वह लंबे समय तक स्वयं को बनाए रखने में असमर्थ है। शिक्षा ही है जो सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाती है। कार्यक्रम संयोजक चैन सिंह राजपुरोहित ने बताया कि विश्व हिंदू कांग्रेस का आयोजन हर 4 वर्ष में होता है। 2026 में यह सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया जाएगा।




### जेईसीआरसी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# एंपावरमेंट, मेंटल हैल्थ व सेफ्टी पर नव्या के टिप्स

बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में चल रहे ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तीसरे दिन गुरुवार को यूथ आइकन व आरा हैल्थ की को फाउंडर नव्या नवेली नंदा नए स्टूडेंट्स से रूबरू हुईं। उन्होंने स्टूडेंट्स से वुमन एंपावरमेंट, मेंटल हेल्थ, ट्रोलिंग और हैरेसमेंट जैसे सब्जेक्ट्स पर बात की। नव्या यूथ से जुड़े कैंपेन 'युवा' के तहत देशभर में चल रहे रोड शो के दौरान जेईसीआरसी पहुंची। यह कैंपेन यूथ से उनके मन की बात करता है। उन्होंने कैंपस में मौजूद यूथ से उनकी समस्याओं और उससे जुड़े संभावित सोल्यूशन पर बात की। ये रोड शो 30 दिन में 8 राज्य और 33 शहरों को कवर करेगा। कार्यक्रम में डायरेक्टर स्टूडेंट अफेयर्स धीमंत अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल भी मौजूद थे।



#### गर्ल स्टूडेंट्स बने मजबूत

नव्या ने गर्ल स्टूडेंट्स से बात करते हुए 'स्टैंड अप फॉर स्ट्रीट हैरेसमेंट' कैंपेन की चर्चा की जिससे वो जुड़ी हैं। नव्या ने कहा कि जब भी कोई मनचला लड़की को रास्ते में छेड़ता है तो गलती हमेशा लड़की की ही निकाली जाती है। उन्होंने इससे बचने और इसके खिलाफ कदम उठाने के कुछ तरीके बताए। कहा कि आप परेशान करने वाले का वीडियो बनाएं, उसका गाड़ी नंबर नोट करें, आप खुद को बचाते हुए मनचले को रोकें, मदद के लिए लोगों को बुलाएं और एक दूसरे की मदद करें।

#### ट्रॉलिंग को इग्नोर करो

एक पब्लिक पर्सनालिटी होने के नाते नव्या ने ट्रोलिंग पर भी बात की। कहा कि ट्रॉलिंग आपके मेंटल हेल्थ को खराब करती है इसलिए इसे इग्नोर करना चाहिए। आपको ये समझना होगा कि दुनिया में कुछ लोग होंगे जो आपके काम को सराहेंगे और कुछ होंगे जो आपको नीचा दिखाएंगे। आपको हमेशा पॉजिटिव साइड पर फोकस करना है। ट्रॉलर्स को इग्नोर करना है और आगे बढ़ना है।

#### अलग पहचान बनानी थी



नव्या नवेली नंदा ने महारानी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम 'यू ग्रो गर्ल' में भी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यहां उन्होंने कहा कि मैं अपनी अलग पहचान बनाना चाहती थी इसलिए महिला शिक्षा, महिला स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर काम कर रही हूं। सभी महिलाओं को साथ लेकर काम करना होगा तभी हम सशक्त बन पाएंगे। नव्या का कहना था कि कॅरियर से ज्यादा इंसान के रूप में सफल हो जाएं, यह महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में ट्रेनर सिओन ने सार्वजनिक स्थलों और कार्यस्थल पर महिलाओं और लड़कियों को उत्पीड़न से बचाने के लिए '5 Dg मैथडोलॉजी' की जानकारी दी। Distract, Delegate Document, Direct और Delay के माध्यम से महिलाएं अपने आप को अप्रिय स्थिति में बचा सकती हैं। शुरुआत में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. निमाली सिंह ने अतिथियों का पौधा और स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उप प्राचार्या प्रो. संगीता भार्गव, प्रो. गरिमा सक्सेना डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. चन्द्रानी सेन, चीफ प्रॉक्टर डॉ. पूराराम, चीफ रेक्टर डॉ. तारावती मीना, रेक्टर एवं प्रोक्टर उपस्थित रहे।




### एनआईए में हुई कार्यशाला

## विशेषज्ञों ने की हृदय रोगों के निदान पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

जयपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के आयुर्योग प्रिवेन्टिव कार्डियोलॉजी विभाग एवं काय चिकित्सा विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला 'हृदयरक्षणम्' में विशेषज्ञों ने हृदय रोगों पर चर्चा की। संस्थान के माधव सिंह बघेल समिति कक्ष में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने किया। इस दौरान प्रो वाइस चांसलर प्रो. मीता कोटेचा, विभागाध्यक्ष प्रो. रामकिशोर जोशी, रजिस्ट्रार प्रो. ए राममूर्त्ति एवं अन्य विभागाध्यक्ष, शिक्षक, पीजी, पीएचडी एवं संस्थान के अन्य अध्येता उपस्थित रहे। प्रो. उदयराज सरोज ने आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यशाला में राजस्थान विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक डॉ. रमाकान्त मिश्रा ने हृदयरोगों में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। आरोग्य लक्ष्मी चिकित्सालय के निदेशक प्रो. श्री कृष्ण खाण्डल ने हृदयरोगों में स्त्रोतस के महत्व पर बात की। मेट्रो मास हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. दीपेन्द्र भटनागर ने हार्ट फेलियर के विषय में विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने भी हृदयरोगों के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किए। आयुर्योग प्रिवेन्टिव कार्डियोलॉजी विभाग एवं कायचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रामकिशोर जोशी ने उपस्थित सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में सम्मिलित सभी अध्यापकों व अध्येताओं ने इस कार्यशाला की सराहना की व भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता जताई।

## स्कूल स्टूडेंट्स को सुनाई जवानों की विजय गाथा



**जयपुर।** कारगिल विजय दिवस पर सीतापुरा स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल परिसर में स्टूडेंट्स ने एक विशेष सभा का आयोजन किया। इस सभा में विशिष्ट अतिथि कारगिल युद्ध के जांबाज सूबेदार इंदरसिंह नरूका मौजदू रहे। उन्होंने कारगिल युद्ध और शहीद होने वाले अनेक सैनिकों के जांबाजी कारनामों को साझा किया। विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने देश के प्रति देशभक्ति दर्शाई। उन्होंने बच्चों को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. अंजू जयदीप ने अतिथि का आभार

### इनीशिएटिव | एचजेयू में डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज का उद्घाटन

# लेटेस्ट कंम्प्यूटर्स पर एआई की बारीकियां सीखेंगे भावी पत्रकार

बेधड़क | जयपुर

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) में विद्यार्थी अब अत्याधुनिक कंप्यूटर्स की मदद से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग की बारीकियां भी सीख पाएंगे।

गुरुवार को विश्वविद्यालय के खासाकोठी स्थित अकादमिक परिसर में 'डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज' का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सुधि राजीव और जोधपुर स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के संस्थापक अध्यक्ष व मोबिलाइट यूएसए के सदस्य अनिल पुरोहित ने सेंटर का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण देने के लिए एचजेयू और मोबिलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के बीच मार्च 2023 में एमओयू हुआ था। एमओयू के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना में शुरुआती सहयोग के लिए 5 अत्याधुनिक कंप्यूटर्स कंप्यूटर लैब में स्थापित किए गए हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में कुलसचिव अयूब खान, वित्त नियंत्रक सत्येंद्र बसवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आलोक श्रीवास्तव, उपकुलसचिव डॉ. नीलम उपाध्याय, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।



#### मीडियाकर्मी होंगे तकनीकी में दक्ष

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने कहा कि हर सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का दखल बढ़ रहा है, ऐसे में मीडिया सेक्टर भी इससे अछूता नहीं रह सकता। सूचनाएं जुटाने से लेकर उनको प्रस्तुत करने तक मीडियाकर्मी एआई का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में मीडियाकर्मियों की भावी पीढ़ी को एआई और मशीन लर्निंग के ज्ञान से वंचित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हमारे विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग में दक्ष बनाने में मदद करेगा।

#### पत्रकारिता को प्रभावित करेगी एआई

मोबिलाइट यूएसए के सदस्य अनिल पुरोहित ने इस अवसर पर कहा कि एआई के उपयोग को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन इसका उपयोग सभी क्षेत्रों में बढ़ रहा है। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भावी पत्रकारों को एआई टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए तैयार करने में भूमिका निभाएगा। मोबिलाइट के वाइस प्रेसिडेंट (ब्रांड मार्केटिंग एंड स्ट्रेटजी) गौरव कथूरिया ने कहा कि आने वाला समय इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मेटावर्स, ब्लॉकचेन और वेब 3 जैसी आधुनिक टेक्नोलॉजी का है।

## वैश्विक बादशाहत की चाहत

# चीन-अमेरिका का संघर्ष बना रहेगा




डॉ. रामावतार शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार


विश्व लंबे समय से एक ध्रुवीय बना हुआ है जिसके केंद्र में प्रथम विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका ही सबसे प्रभावी राष्ट्र रहा है। अब अत्यंत दरिद्रता के दौर से निकला चीन अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देने लगा है। पहले माओ त्से तुंग और अब शी जिन पिंग के एकाधिकारवादी शासन के दौर में चीन अमेरिका के साथ वर्चस्व के लिए संघर्षशील है। माओ के बाद चीन में एक उदारवादी नेतृत्व का दौर आया था जिसके कारण ही वह विश्व की निर्माण फैक्ट्री बना और एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ। अभी चीन की अर्थव्यवस्था उलझन में है, शून्य कोविड नीति से लोगों का जीवन अस्तव्यस्त हुआ है, मानवाधिकारों के लिए संघर्ष बना हुआ है, राजनीतिक अधिकार शून्य के बराबर हैं पर फिर भी शी जिन पिंग का सत्ता पर शिकंजा मजबूत हो हुआ है।

उधर अमेरिका में उम्रदराज लोग ही राष्ट्रपति बन रहे हैं जिनका मुख्य उद्देश्य अपनी ही सत्ता को बनाए रखना होता है। इसी पॉलिसी के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने चीन पर कई तरह की आर्थिक पाबंदियां लगा दी हैं और चाइना प्लस वन की नीति की अनुसार निर्माण के लिए वियतनाम, भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और मलेशिया आदि को प्रोत्साहन मिलने लगा है। हालांकि अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन का मानना है कि "धरती इतनी बड़ी है जिसमें अमेरिका और चीन दोनों फलफूल सकते हैं।" परंतु सभी जानकार इस बात पर एकमत हैं कि अमेरिका किसी भी हालत में अपने वैश्विक नेतृत्व को कम नहीं करना चाहेगा। उधर 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस मीटिंग से पहले चीन में राष्ट्रपति शी ने संविधान को तोड़मरोड़ कर सत्ता पर पूर्ण एकाधिकार कर लिया जिसके फलस्वरूप अमेरिका ने उच्च तकनीक के चीन में स्थानांतरण पर रोक लगा दी।

> "माओ के बाद चीन में एक उदारवादी नेतृत्व का दौर आया था जिसके कारण ही वह विश्व की निर्माण फैक्ट्री बना और एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ। अभी चीन की अर्थव्यवस्था उलझन में है, शून्य कोविड नीति से लोगों का जीवन अस्तव्यस्त हुआ है, मानवाधिकारों के लिए संघर्ष बना हुआ है, राजनीतिक अधिकार शून्य के बराबर हैं पर फिर भी शी जिन पिंग का सत्ता पर शिकंजा मजबूत हो हुआ है।"

राष्ट्रपति बाइडेन की नीति के तहत अमेरिका चीन के औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं डालना चाहता है। अमेरिका चीन को कृत्रिम बुद्धिमता और सेमी कंडक्टर की परिष्कृत किस्म को विकसित नहीं करने देना चाहता है और इन क्षेत्रों में कई रुकावटें खड़ी कर चुका है। अमेरिका चीन को अपने लिए भविष्य का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानता है। राष्ट्रपति बाइडेन के अनुसार "चीन अंतरराष्ट्रीय क्रम को नया रूप देने की इच्छा और समय के साथ क्षमता भी रखना चाहता है जिसके फलस्वरूप वैश्विक झुकाव उसके हित में होने लगे।"

इस तरह से चीन अमेरिका की सुरक्षा नहीं बल्कि प्रभुत्व के लिए खतरा है। अमेरिका हर हालत में तकनीकी, साइबर सुरक्षा, व्यापार और अर्थ व्यवस्था में विश्व का नेतृत्व करते रहना चाहता है और यहां पर किसी भी प्रतिद्विंद्वी को आगे बढ़ने से रोकना चाहता है। अमेरिका सदैव एक ध्रुवीय विश्व को ही प्रोत्साहित करता है। वह चीन के किसी भी क्षेत्र में होने वाले किसी भी बड़े विकास में अमेरिकन कॉरपोरेट्स की भागीदारी चाहता है। इस एकाधिकारवादी नीति के फलस्वरूप शी जिन पिंग प्रशासन चीन के लोगों को अपने पक्ष में करने के लिए उपयोग ले रहा है। चीन अब अमेरिका के विरुद्ध कदम उठाने में सक्षम है जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय तनाव में वृद्धि हो रही है और दोनों बड़ी शक्तियों में एक दूसरे के प्रति भय और अविश्वास बढ़ता जा रहा है।



> *राष्ट्रपति बाइडेन की नीति के तहत अमेरिका चीन के औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं डालना चाहता है। अमेरिका चीन को कृत्रिम बुद्धिमता और सेमी कंडक्टर की परिष्कृत किस्म को विकसित नहीं करने देना चाहता है और इन क्षेत्रों में कई रुकावटें खड़ी कर चुका है। अमेरिका चीन को अपने लिए भविष्य का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानता है। राष्ट्रपति बाइडेन के अनुसार "चीन अंतरराष्ट्रीय क्रम को नया रूप देने की इच्छा और समय के साथ क्षमता भी रखना चाहता है जिसके फलस्वरूप वैश्विक झुकाव उसके हित में होने लगे।"*

माना कि हर देश अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और एक स्तर की आर्थिक और सैन्य शक्ति बनने के बाद किसी भी दबाव का विरोध करता है। ऐसे में राष्ट्रों के बीच संघर्ष प्रारंभ हो जाता है जो एक निरर्थक प्रक्रिया है क्योंकि ऐसा होने पर पूरी दुनिया के सामने सामूहिक समस्याएं एवं खतरे और गहरे होने लगते हैं। चीन और अमेरिका की सकारात्मक भागीदारी के बिना वैश्विक पर्यावरण, स्वास्थ्य, भूखमरी, गरीबी, मानवाधिकार हनन और आतंकवाद को नियंत्रित करना असंभव है। यदि चीन और अमेरिका के बीच संवाद पूर्णतः समाप्त हो जायेंगे तो इन समस्याओं का समाधान कैसे निकलेगा? इसी विचार के चलते हाल ही में अमेरिका की वित्तमंत्री जेनेट येलेन के बाद वहां के विदेशमंत्री एंटनी जे ब्लिंकेन ने भी चीन की यात्रा की है ताकि बातचीत का माहौल बना रहे। यह अमेरिका की तरफ से एक अच्छा संदेश माना जायेगा।

चीन की विस्तारवादी और अपने आसपास के हर संसाधन को हड़पने की नीति उसे हर समय शक के घेरे में रखती है। इसके अलावा वह अपनी जनसंख्या के बहुमत को दुनिया से काट कर रखता है। आज 21वीं सदी में न तो अन्य देश के लोग चीन के सामाजिक और मनुष्य आधारित जीवन के बारे में जानते हैं और ना ही चीन के लोग दुनिया के अन्य लोगों के जीवन से वाकिफ हैं। एक आम चीनी नागरिक अपने ही देश के बारे में उतना ही जानता है जितना सरकार उसे बताना चाहती है। इसके चलते कारण वहां मानवाधिकारों का व्यापक उल्लंघन हो रहा है। चीन में गूगल, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि सोशल मीडिया का कोई अस्तित्व नहीं है, इंटरनेट पर सरकार का कड़ा नियंत्रण है। इस सब कारणों से चीन के लोग दुनिया की बात तो बहुत दूर की है स्वयं चीन के विभिन्न भागों से अनभिज्ञ होते हैं। पल्लवी अय्यर जैसे चीन में रहे लोगों के अनुसार वहां के लोगों का पूरा जीवन सिर्फ पैसा कमाने के चक्कर में बीत रहा है और वे लोग विश्व के अन्य देशों के बारे में पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं। इस तरह से चीन और अमेरिका के नागरिकों के बीच किसी भी तरह के संपर्क के अभाव की वजह से ऐसा लगता है कि इन दोनों राष्ट्रों के बीच संघर्ष किसी न किसी रूप में जारी रहेगा जोकि पूरे विश्व के लिए हानिकारक है। वैश्विक संवाद ही लोगों और नेतृत्व को नई दिशाएं प्रदान करता है। चीन इस मामले में उत्तरी कोरिया के अलावा शायद दुनिया का दूसरा ऐसा देश है जहां अंतरराष्ट्रीय जन संवाद न्यूनतम है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# मच्छरों का चिंतन मंथन




रेखा शाह आरबी
व्यंग्यकार


शहर के नाले के मच्छर बहुत ही चिंतित थे। कूलर के साफ पानी में पैदा हुए मच्छर कुछ ज्यादा ही अपने आप को उच्च श्रेणी और उच्च कुल का मानने लगे थे। गमले तथा पुराने टीन और कनस्तर में पैदा हुए मच्छरों ने अपने आपको मध्यम श्रेणी का खुद को घोषित कर लिया था। फिर भी एक सम्मान था सबका एक दूसरे के लिए और एक दूसरे के लिए उन्हें आदर था। उनके शत्रु एक थे अतः सभी हम साथ साथ हैं के तर्ज पर एक साथ थे।

यही एक बात सबसे खूबसूरत है जीव जगत में। वह दुश्मन होकर भी एक दूसरे के वैसे दुश्मन नहीं बनते जैसे इंसान इंसान के बनते हैं। अब वे कोई इंसान तो थे नहीं कि कोई गरीब है तो उसे दुत्कार दिया जाए या उसे अपने साथ बैठाने पर हीनता महसूस हो। या मतलब निकल जाने पर उस से मुंह मोड़ लिया जाए। अतः सभी मच्छरों ने एक बेहद अति आवश्यक सभा बुलाई। सभी मच्छर आए थे सभी दिशाओं से आए थे। चर्चा का विषय था "अपनी सुरक्षा अपना स्वाभिमान।" वैसे हम इंसान भी अक्सर ऐसी चर्चाएं और सभाएं बुलाते रहते हैं लेकिन उसमें अपनी सुरक्षा और अपना अपना स्वार्थ छिपा रहता है।

उस सभा में एक मोटा ताजा मच्छर था जो सभी मच्छरों का नेता था उठा और माइक पकड़ कर बोला- "भाइयों एवं बहनों हम लोगों का मन पसंदीदा मौसम बरसात आ चुका है हमें अपनी वंश वृद्धि और अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लक्ष्य पर लग जाना चाहिए... क्योंकि बरसात का मौसम ही हम लोगों के प्रजनन और हमारी जनसंख्या वृद्धि के लिए सबसे अनुकूल होता है... हम लोगों को अपनी जन जनसंख्या भरपूर मात्रा में बढ़ानी है जिससे पूरी पृथ्वी पर हम लोगों का राज हो सके... आप प्रेरणा स्वरूप इंसानों को देख सकते हैं कैसे इन्होंने अपनी जनसंख्या जबरदस्त मात्रा में बड़ा ली है... जिधर देखो उधर इंसान ही इंसान नजर आते हैं... और जीव जगत के रहने के लिए तो जगह ही नहीं बचा कुछ विलुप्त हो गए और कुछ विलुप्ती के कगार पर हैं... और हम अपने साथ ऐसा होने नहीं दे सकते... हम मच्छरों का तो कोई अस्तित्व ही नहीं बच रहा है... अतः हमें अपनी सुरक्षा स्वयं करनी है सभी इंसान सभी वैज्ञानिक इसी फिराक में लगे हुए हैं किस तरह हम लोगों को समाप्त किया जाए... बंधुओं एकता बनी रहनी चाहिए तभी सुरक्षा है।"

एक मरियल सा मच्छर सभा में उठकर बोला-परंतु आदरणीय यह इंसान आजकल मच्छर मारने की दवा अलाउड कछुआ इत्यादि खूब इस्तेमाल करते हैं... तो थोड़ी बहुत खुजली होने लगती है... कुछ देर के लिए मन खराब हो जाता है इनसे बचने का कृपया कोई उपाय बताइए।"

मोटा ताजा मच्छर गंभीर होकर बोला-" चिंता न करो इंसानों की मिलावटखोरी और नगरपालिका के भ्रष्ट कर्मचारियों पर भरोसा रखो... इनकी कृपा एवं आशीर्वाद से हम लोगों का जीवन सुरक्षित रहेगा... हम लोगों को इन छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान न देकर अपनी संतति को बढ़ाने और अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है... एक भी मच्छर भी बेमौत नहीं मरना चाहिए और आखिर हम लोग भगवान के बनाए हुए प्राणी हैं और जीवन अमूल्य है और हमें अपने भोजन पानी की चिंता करने की तो बिल्कुल जरूरत नहीं है। जब तक इंसान खरपतवार के जैसे पैदा होते रहेंगे हमारे लिए भोजन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहेगा।"

इन्हीं सब बातों पर चिंतन मनन करते हुए सभा का विसर्जन किया गया और अपने लक्ष्य को समर्पित सभी योद्धा अपनी कर्मभूमि को निकल लिए उनकी एकता अनुकरणीय थी। और इंसान और इंसानी अस्पतालों की हालत विचारणीय होने वाली थी।

## सुपरमार्केट वाली ट्रॉली बताएगी स्ट्रोक

# हैंडल में लगा होगा सेंसर, ये करेगा हार्टबीट को ट्रेक

एजेंसी | लंदन

अब सुपरमार्केट में शॉपिंग करते समय सामान रखने के लिए इस्तेमाल होने वाली ट्रॉली स्ट्रोक का खतरा बता सकेगी। साइंटिस्ट्स ने ऐसा सेंसर बना लिया है जो ट्रॉली के हैंडल में लगेगा। ये एबनॉर्मल हार्ट बीट की जांच करेगा। इसमें लगी एक छोटी सी स्क्रीन खतरा होने पर लाल क्रॉस दिखाएगी और खतरा नहीं होने पर ग्रीन टिक दिखाएगी। ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन के मुताबिक, ब्रिटेन में हर 45 में से एक व्यक्ति को आर्टियल फिब्रिलेशन (AF) है। इस स्थिति में दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है। इसके कारण स्ट्रोक (हार्ट अटैक) और हार्ट फेलियर का खतरा बना रहता है। कई लोगों को इस बीमारी का पता नहीं चल पाता क्योंकि वे इसके लक्षण को समय रहते पहचान नहीं पाते।

## यमुना फिर खतरे की ओर...

*आगरा में यमुना नदी का जल स्तर खतरे के निशान को पार करने के कारण ताजमहल के पीछे बाढ़ वाले दशहरा घाट पर बैठे स्थानीय लोग। 45 साल बाद यमुना के पानी ने ताजमहल की दीवार को तक को छू लिया है। वहीं ताजमहल के आसपास बने निचले इलाकों में भी पानी भर गया है।*



फोटो :

## नॉलेज कॉर्नर: 120 साल पहले स्थापित हुई थी देश में पहली चीनी मिल

# भारत दूसरा सबसे बड़ा 'चीनी' उत्पादक देश

हम सब जानते हैं कि भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, क्योंकि एक समय था जब दूसरे देश भारत से सोना-चांदी सहित कई धातुएं आयात करते थे। इस देश में कभी किसी चीज की कमी नहीं रही। लेकिन बाद में हालात कुछ ऐसे बने कि देश का खजाना दूसरे देशों में निर्यात होता रहा और हिंदुस्तान में कई चीजों की कमी महसूस की जाने लगी। इसके अलावा विभिन्न फसलों का उत्पादन भी सबसे पहले भारत में किया गया। बात करें चीनी की, तो यहां इसका उत्पादन प्राचीन काल से होता रहा है। इसी के बाद चीनी उत्पादन विश्व के अन्य भागों में फैल गया। चीनी का उत्पादन गन्ने की फसल किया जाता है, और गन्ना उष्णकटिबंधीय भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण पूर्व एशिया का मूल निवासी है। यही कारण रहा कि एशियाई देशों में चीनी व्यापार बढ़ता चला गया।

### आजादी के बाद मिली बड़ी उपलब्धि

भारत के अलग-अलग राज्यों की जलवायु के आधार पर गन्ने की फसल वर्ष में तीन बार की जाती है- अक्टूबर, मार्च और जुलाई। जैसा कि हम जानते हैं कि चीनी का उत्पादन काफी समय से चला आ रहा है, लेकिन एक खास बात यह है कि आजादी के बाद देश में चीनी उद्योग के समग्र औद्योगिक विकास के लिए गंभीर योजनाएं बनाई जाने लगीं। इस तरह यह उद्योग फलता चला गया। भारत में अधिकांशत: चीनी उत्पादन स्थानीय सहकारी चीनी मिलों में किया जाता है। चीनी उद्योग यहां का एक बड़ा व्यवसाय है। यहां एक पेराई सत्र में लगभग 30 मिलियन टन से अधिक चीनी का उत्पादन होता है। एक वर्ष में देश में तीन बार गन्ने की फसल की जाती है, इसके एक हिस्से को पेराई सत्र कहा जाता है।



### एक साल से चीनी का निर्यात है बंद

पिछले सत्र हुई चीनी की पैदावार ने ब्राजील को पछाड़कर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बना दिया। देश में गन्ने की खेती में लगभग 50 मिलियन किसान और लाखों श्रमिक शामिल होते हैं। भारत अब विश्व में चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश की सभी चीनी मिलें एक वर्ष में लगभग 268.21 लाख टन उत्पादन करती है। देश में गन्ने की बढ़ती पैदावार को देखते हुए और घरेलू उपलब्धता बनाए रखने के लिए 24 मई 2022 को भारत सरकार ने यह घोषणा की, कि 1 जून 2022 से चीनी के निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया जाए। जिसका उद्देश्य मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करना भी था।

### देश की पहली चीनी मिल

*भारत की पहली चीनी मिल वर्ष 1903 में स्थापित की गई थी, जो कि उत्तरप्रदेश में स्थापित की गई थी। उस समय गन्ने का न्यूनतम मूल्य तय करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने चीनी बेंत अधिनियम, 1934 पारित किया, जिसे राज्य सरकार ने अधिकृत किया। सबसे अधिक चीनी का उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है।* *कंटेंट: सुप्रिया सरकार*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
कांग्रेस की लूट की दुकान का सबसे ताजा प्रोडक्ट है- लाल डायरी। लोग कह रहे हैं कि इसमें राजस्थान की कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
माननीय प्रधानमंत्री जी, आपके कार्यालय ने मेरे ट्वीट पर संज्ञान लिया परन्तु संभवत: उन्हें भी तथ्यों से अवगत नहीं करवाया गया है।



**मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष
@kharge
जिस सरकार ने पिछले 85 दिनों से मणिपुर के रोते-बिलखते लोगों की सुध नहीं ली वो सरकार इंसानियत पर कलंक है।



**स्मृति ईरानी,** केंद्रीय मंत्री
@smritiirani
धर्मनिरपेक्षता के ब्रांड राहुल गांधी - उनका अपवित्र गठबंधन हिंदुओं को उनके मंदिरों में जिंदा जलाने की घोषणा करता है। राजवंशों के लिए हिंदू नफरत कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब खुलेआम हिंदुओं को धमकाना... यह एक नया निचला स्तर है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब तक आप हर संभव तरीके से समावेशी होने का लगातार प्रयास नहीं करते, आप जो करने में सक्षम हैं उसकी पूरी गहराई और आयाम का पता नहीं लगा पाएंगे।

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में जंग:** पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री को भेजा पत्र

## अजित ने चिह्न पर ठोका दावा, शरद गुट बोला- EC को भेजेंगे 'जवाब'

एजेंसी | मुंबई

शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर किए गए दावे पर निर्वाचन आयोग ने उनकी प्रतिक्रिया को लेकर एक पत्र भेजा है, जिसका वे जवाब भेजेंगे। हालांकि अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

एनसीपी में बगावत करते हुए अजित पवार गुट दो जुलाई को महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार




में शामिल हो गया था। सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद जबकि आठ अन्य विधायकों को मंत्री पद प्रदान किया गया था। शरद पवार नीत राकांपा गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने कहा कि चुनाव आयोग ने अजित पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किए जाने को लेकर उनकी (शरद पवार गुट की) प्रतिक्रिया जानने के लिए एक पत्र भेजा है।

क्रास्टो ने कहा, ''हम तदनुसार जवाब देंगे। प्रफुल्ल पटेल ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि मैं अपनी पार्टी के अंदरुनी मामलों से संबंधित मुद्दों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि शरद पवार हमारे आदर्श बने रहेंगे और हम चाहते हैं कि वह (शरद पवार) हमारे द्वारा लिए गए राजनीतिक फैसले को स्वीकार करें। हम उन्हें मनाएंगे।

### कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ एक बहाना

प्रफुल्ल पटेल ने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ एक बहाना है। पटेल ने कहा कि यह विपक्ष की कुंठा को दर्शाता है और वे जानते हैं कि लोकसभा में भाजपा के पास जो संख्या है, उसे देखते हुए अविश्वास प्रस्ताव का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के लिए एक स्थिर विकल्प मुहैया कराना आसान नहीं होगा। पटेल ने कहा कि इस तरह की पहल 1977, 1989 और 1996 में भी विफल हो चुकी है, क्योंकि ये राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता की ओर ले जाती हैं।

### राकांपा-भाजपा के बीच दोस्ती हुई मजबूत

प्रफुल्ल पटेल ने यह भी कहा कि राकांपा और भाजपा के बीच दोस्ती मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं। यह बहुत जरूरी है कि एक ऐसे चेहरे के साथ एक स्थिर सरकार दी जाए, जिस पर लोग विश्वास करते हों। यह वक्त की जरूरत है।

### अजित को सीएम बनने का मिलेगा अवसर: प्रफुल्ल

**मुंबई।** राकांपाके राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार प्रभावशाली नेता हैं और उन्हें सीएम बनने का अवसर मिलेगा। ऐसी अटकलों के संबंध में सवाल करने पर अजित पवार की राकांपा का समर्थन करने वाले पटेल ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि पद (सीएम ) खाली नहीं है, ऐसे में क्या बात करना। उन्होंने कहा कि अजत पवार लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता हैं। वह कई साल से हमारी पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। जो लोग काम करते हैं उन्हें आज, कल या परसों अवसर जरूर मिलता है। कई लोगों को अवसर मिला है। अजित दादा को भी मिलेगा, अगर आज नहीं तो कल या भविष्य में। हम उसी दिशा में काम करेंगे।

### योगी ने 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में सुनी समस्याएं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां स्थित अपने आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके समुचित निदान के निर्देश दिए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में 180 लोगों की समस्याओं और शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और इनके समुचित समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। योगी ने अधिकारियों से लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने को कहा और आगाह किया कि समस्याओं का जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से समाधान नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मणिपुर का दौरा करेगा 'इंडिया' का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी 29 और 30 जुलाई को हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिकम टैगोर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विपक्षी दलों के 20 से अधिक सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताहांत मणिपुर का दौरा कर हालात का जायजा लेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में मणिपुर का दौरा किया था। विपक्षी दल संसद में मणिपुर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और चर्चा की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बुधवार को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सदन में चर्चा के लिए मंजूरी दे दी गई।

**मणिपुर मुद्दे का विरोध:** काले कपड़ों में सदन में पहुंचे विपक्षी सांसद

## हंगामे के बीच पारित हुए दो विधेयक, गतिरोध बरकरार

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को भी पिछले कुछ दिन की तरह मणिपुर मुद्दे को लेकर गतिरोध बरकरार रहा और सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। काले कपड़े पहन सदन में पहुंचे विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही सरकार ने कारोबार सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य वाले विधेयक समेत दो विधेयक पारित कराए।

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य घटक दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद में वक्तव्य देने और चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है। निचले सदन की कार्यवाही जब दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे आरंभ हुई तो विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आसन से आग्रह किया कि विपक्ष के कुछ सदस्यों ने कागज फाड़कर आसन की ओर फेंके हैं और जिन्होंने ऐसा किया है उनके नाम का उल्लेख करना चाहिए।

पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने कहा कि कागज फाड़कर फेंकना उचित व्यवहार नहीं है और संसद का अपमान भी है। उनका कहना था कि इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए। लोकसभा में विपक्ष की नारेबाजी के बीच ही 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023' को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई। इसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। सदन ने 'निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022' को भी हंगामे के बीच मंजूरी प्रदान की जिसके माध्यम से वर्षों पुराने एवं अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है जिनमें एक कानून 138 वर्ष पुराना है।



### विपक्षी कुनबे का 'काला जादू' नहीं चलेगा: नकवी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने संसद में काले कपड़े पहनकर पहुंचने को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए गुरुवार को कहा कि विपक्षी कुनबे का 'काला जादू' नहीं चलने वाला है। उन्होंने विपक्ष द्वारा मोदी सरकार के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव और विपक्ष के नेताओं के काले कपड़े पहनकर आने के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तपस्या की ताकत पर वार के लिए काले जादू का प्रहार भी कुनबे का बेड़ा पार नहीं कर सकता। नकवी ने कहा कि यह 'काला जादू' नहीं चलने वाला है।



### जयशंकर ने विपक्ष पर साधा निशाना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में उनके बयान के दौरान हंगामा करने और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'इंडिया' (विपक्षी गठबंधन का नाम) होने का दावा करते हैं, लेकिन अगर वे भारत के राष्ट्रीय हितों के बारे में सुनने के लिए तैयार नहीं हैं तो वे किस तरह के इंडिया हैं? जयशंकर ने सदन में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के बीच भारत की विदेश नीति की सफलताओं तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्राओं के बारे में सदस्यों को जानकारी देने के लिए सदन में स्वत: संज्ञान लेते हुए एक बयान दिया। उन्होंने बयान देना अभी शुरू ही किया था कि विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान और इस विषय पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

### विपक्षी दलों ने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक का किया बहिष्कार

मणिपुर के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्षी दलों ने गुरुवार को राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक का बहिष्कार किया। राज्यसभा की बीएसी में सदन के सभापति सहित 11 सदस्य होते हैं। 26 दलों वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के तीन सांसद जयराम रमेश (कांग्रेस), मीसा भारती (राजद) और डेरेक ओब्रायन (टीएमसी) बीएसी समिति में हैं। इन तीनों के अलावा भारत राष्ट्र समिति के केशव राव भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

### फिल्म उद्योग में पायरेसी पर नियंत्रण के लिए विधेयक पारित

फिल्म उद्योग में पायरेसी मुद्दों को नियंत्रित करने पर केन्द्रित चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 गुरुवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पायरेसी के कारण फिल्म उद्योग को काफी नुकसान होता है और यह विधेयक इसके कारण फिल्मों को होने वाले नुकसान से बचाएगा। यह विधेयक चलचित्र अधिनियम 1952 को संशोधित करेगा। ठाकुर ने कहा कि पायरेसी कैंसर की तरह है और इस कैंसर को जड़ से खत्म करने के लिए हम इस विधेयक के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं। पायरेसी के कारण फिल्म जगत को 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान होता है। आज फिल्म जगत की बहुत लंबे समय से आ रही मांग को पूरा करने का काम किया गया है।

### पीएम को लोकतंत्र में विश्वास नहीं, संसद का कर रहे हैं अपमान: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के मानसून सत्र में मणिपुर के विषय पर बयान देने की बजाय राजस्थान में राजनीतिक भाषण दे रहे हैं जिसका मतलब यह है कि उन्हें लोकतंत्र में विश्वास नहीं है और वह संसद एवं हर सांसद का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने संसद भवन परिसर में 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री संसद में अपना बयान देने के लिए आधे घंटे का भी समय नहीं निकाल सकते? खरगे ने कहा कि सदन चल रहा है, हम प्रधानमंत्री से मांग कर रहे हैं कि मणिपुर पर बयान दीजिए। वह राजस्थान में जाकर राजनीतिक भाषण दे रहे हैं, चुनाव की बात कर रहे हैं। अगर आप संसद का सत्र छोड़कर राजस्थान जा सकते हैं तो क्या यहां सदन में आकर आधे घंटे अपना बयान नहीं दे सकते? उन्होंने आरोप लगाया कि इसका मतलब यह है कि उनको कोई दिलचस्पी नहीं है। प्रधानमंत्री को लोकतंत्र में विश्वास नहीं है।

**प्रधानमंत्री पर साधा निशाना**

## सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं BJP और RSS: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने बेंगलुरु में भारतीय युवा कांग्रेस के अधिवेशन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि मणिपुर और देश के कुछ अन्य हिस्सों में जो हो रहा है, उससे भाजपा एवं आरएससस के लोगों को कोई दर्द नहीं हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर के लिए क्या कर रहे हैं? वह मणिपुर के बारे में कुछ बोल क्यों नहीं रहे हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि मोदी जी को मणिपुर से कोई लेना देना नहीं है। वह जानते हैं कि उनकी ही विचारधारा ने मणिपुर को जलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस सिर्फ सत्ता चाहती है और सत्ता पाने के लिए ये कुछ भी कर सकती है। सत्ता के लिए ये मणिपुर को जला देंगे, सारे देश को जला देंगे। इनको देश के दुख और दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता।



### राहुल पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कहा कि आरएसएस और केंद्र की सत्ताधारी पार्टी को 'बदनाम' करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रयास सफल नहीं होंगे क्योंकि लोग सच्चाई जानते हैं और 2024 में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना जनादेश देंगे। पार्टी की यह प्रतिक्रिया राहुल के उस आरोप के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा और आरएसएस की दिलचस्पी केवल सत्ता में है तथा वे देश को बांटने की दिशा में काम कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लोगों के दुख और दर्द की परवाह नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि देश में इस समय कोई वैचारिक लड़ाई नहीं चल रही है, बल्कि वंशवाद की राजनीति और भ्रष्टाचार के खिलाफ देश के विकास और प्रगति की लड़ाई चल रही है।

## कांग्रेस कर्नाटक को बर्बाद कर देगी: BJP

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कर्नाटक में निर्वाचन क्षेत्रों के विकास की खातिर विधायकों को देने के लिए 'धन नहीं होने' की घोषणा के बाद गुरुवार को प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि पार्टी प्रदेश को बर्बाद कर देगी।

मालवीय ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस कर्नाटक को बर्बाद कर देगी। पांच गारंटियों को लागू करने का कोई संकेत नहीं है और अब विकास के भी (संकेत नहीं है)। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोष की कमी के कारण विधायकों की उनके निवाचन क्षेत्र में कोई अहमियत नहीं रह जाएगी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बुधवार को कहा था कि पांच चुनावी गारंटी के कार्यान्वयन के कारण उत्पन्न आर्थिक बाधाओं की वजह से प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस साल विकास के लिए निधि उपलब्ध नहीं करा सकती। शिवकुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि बड़ी उम्मीदें रखने वाले पार्टी विधायक स्थिति को समझेंगे और धैर्य रखेंगे।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

## शाह आज रामेश्वरम से करेंगे 'एन मन, एन मक्कल' पदयात्रा की शुरुआत

एजेंसी | मदुरै

भाजपा की तमिलनाडु इकाई 28 जुलाई को छह महीने लंबी पदयात्रा 'एन मन, एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) शुरू करने के लिए तैयार है, जिसमें नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार देश की कमान सौंपने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले निर्णायक जनादेश मांगा जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने गुरुवार को कहा कि राज्य के 234 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले इस चुनाव अभियान की शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम को मंदिर शहर रामेश्वरम से करेंगे। अन्नामलाई ने यहां संवाददाताओं





से कहा कि सभी 39 संसदीय क्षेत्रों को कवर करने के लिए अभियान पांच चरणों में चलाया जाएगा और हमने इसे लोकसभा चुनाव से पहले 11 जनवरी, 2024 को समाप्त करने की योजना बनाई है। अमित शाह द्वारा उद्घाटन के बाद अभियान 29 जुलाई को रामेश्वरम से शुरू होगा।

### 1,770 किमी से अधिक की पैदल यात्रा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख अन्नामलाई पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे और इस दौरान वह 1,770 किमी से अधिक की पैदल यात्रा तथा ग्रामीण इलाकों में शेष दूरी वाहन से तय करेंगे। यात्रा के दौरान निर्धारित की गईं 10 प्रमुख रैलियों में से प्रत्येक को कम से कम एक केंद्रीय मंत्री द्वारा संबोधित किया जाएगा। अन्नामलाई ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को पेश करेंगे और लगातार तीसरी बार मोदी की वापसी सुनिश्चित करने के लिए लोगों का समर्थन मांगेंगे। हम यह भी बताएंगे कि भाजपा ने निर्वाचन क्षेत्र के हिसाब से लोगों की भलाई के लिए क्या किया है। भाजपा के प्रदेश प्रमुख ने कहा, 'व्हाट डिड मोदी डू' नामक पुस्तिका की लगभग एक लाख प्रतियां लोगों को वितरित की जाएंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष कारू नागराजन के अनुसार, भाजपा लोगों से जुड़ने और उन्हें द्रमुक के प्रभाव से दूर करने तथा उन्हें भाजपा के करीब लाने की उम्मीद करती है।

### एमपी में 'विजय संकल्प यात्रा' निकालेगी भाजपा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य के कुछ हिस्सों में 'विजय संकल्प यात्रा' निकालने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह की अध्यक्षता में बुधवार देर रात भाजपा की कोर समिति की यहां चार घंटे तक चली बैठक में यह फैसला किया गया। ये यात्राएं उज्जैन, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और चित्रकूट शहरों से निकाली जाएंगी। उज्जैन में विजय संकल्प यात्रा निकालकर पार्टी का लक्ष्य मालवा क्षेत्र को कवर करना है, जबकि जबलपुर एवं सागर में इसका उद्देश्य क्रमशः महाकौशल और बुंदेलखंड क्षेत्रों में मतदाताओं तक पहुंचना है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि ग्वालियर और चित्रकूट में विजय संकल्प यात्रा चंबल और विंध्य क्षेत्रों के मतदाताओं को साधेगी। पार्टी के पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी की योजना इन यात्राओं को शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत अपने शीर्ष नेताओं को शामिल करने की है। इस साल की शुरुआत में कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव से पहले, भाजपा ने मार्च में वहां ऐसी चार यात्राएं निकाली थीं। हालांकि, भाजपा इस दक्षिणी राज्य में सत्ता बरकरार रखने में विफल रही क्योंकि जनादेश कांग्रेस को मिला।

## जरूरी खबर

### मालगाड़ी का ब्रेक-वैन और आठ डिब्बे पटरी से उतरे



**जांजगीर/ बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा रेलवे स्टेशन के करीब गुरुवार को एक मालगाड़ी का ब्रेक-वैन और आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन हावड़ा-मुंबई रेल लाइन पर ट्रेन की आवाजाही बाधित हुई है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में पटरी और ओएचई लाइन के खंभों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद बिलासपुर और कोरबा से रेलवे अधिकारियों के एक दल को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। रेल लाइन पर ट्रेन की आवाजाही बहाल करने का काम जारी है। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही घटना के कारणों के संबंध में जानकारी मिल सकेगी।

### 30-31 जुलाई को होगा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन

**नई दिल्ली।** झारखंड के साहेबगंज जिले के पतना स्थित बी.एस.ए. महिला महाविद्यालय में 30-31 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन में आयोजित होगा। पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत ने बताया कि इसमें देश-विदेश के ख्यातनामा पर्यावरणविदों के साथ ही पद्मश्री लक्ष्मण सिंह, नेपाल स्थित पूर्वांचल विवि के पूर्व कुलपति डॉ. घनश्याम लाल दास, सिद्धू कान्हू विवि दुमका के कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह, भागलपुर विवि के कुलपति डॉ.जवाहर लाल सिंह, केन्द्रीय विवि हरियाणा के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रकाश सिन्हा, प्रख्यात बांध जल एवं नदी विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र आदि शामिल होंगे।

### मणिपुर: दो समूहों के बीच गोलीबारी घर को जलाया

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी से करीब 50 किलोमीटर दूर यहां फौबाकचाओ इखाई में हुई गोलीबारी के दौरान एक घर को भी जला दिया गया। दो पक्षों के बीच गोलीबारी में शामिल भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिसकर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। हमले के दौरान तेरा खोंगसांगबी के समीप स्थित घर में आग लगा दी गई। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि घटना में कोई हताहत तो नहीं है।

## श्रीनगर में 30 साल बाद मुहर्रम का जुलूस



*श्रीनगर। तीन दशकों से अधिक समय के बाद श्रीनगर में 8वें मुहर्रम के जुलूस को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में निकाला गया। जुलूस शहर के गुरु बाजार इलाके से शुरू हुआ जो बुदशाह चौक से होकर मौलाना आजाद रोड और फिर डलगेट से शांतिपूर्वक गुजरा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए।* -पीटीआई

## अमरनाथ के लिए भक्तों का 24वां जत्था रवाना



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा के लिए गुरुवार को 3100 से अधिक तीर्थयात्रियों का 24वां जत्था यहां आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस वार्षिक तीर्थयात्रा में अब तक 3.35 लाख से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में 'बाबा बर्फानी' के दर्शन कर चुके हैं। यह तीर्थ यात्रा एक जुलाई को अनंतनाग जिले में पहलगाम और गांदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच 2303 पुरुष, 750 महिलाएं, 47 संत और 11 बच्चों समेत कुल 3111 तीर्थयात्री 124 वाहनों से यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुए। 29 जून को उपराज्यपाल द्वारा पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद से अब तक 1.30 लाख तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

### मोदी ने राजकोट में विपक्ष पर साधा निशाना और कहा...

# 'भ्रष्टाचारियों और वंशवादियों' ने बदला अपनी जमात का नाम

**एजेंसी** | राजकोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए गुरुवार को कहा कि 'भ्रष्ट और वंशवादी' लोगों ने अपनी जमात का नाम बदल दिया है, लेकिन उनका व्यवहार और लक्ष्य वही है। उन्होंने कहा कि वे (विपक्षी दल) नाराज हैं क्योंकि उनकी सरकार के तहत आम लोगों के सपने पूरे हो रहे हैं। गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने शहर के लिए एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और विभिन्न अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राजकोट के रेस कोर्स ग्राउंड में एक सभा को संबोधित करते हुए 26-दलों वाले विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि जब देश प्रगति कर रहा है तो कुछ लोगों का परेशान होना स्वाभाविक है। जिन्होंने लोगों को (विकास से) वंचित रखा और हमारे नागरिकों की जरूरतों एवं आकांक्षाओं के बारे में कभी कोई चिंता नहीं की, वे अब नाराज हैं क्योंकि आम लोगों के सपने अब पूरे हो रहे हैं।

मोदी ने विपक्ष पर नागरिकों से जुड़े मुद्दे उठाते समय दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि इन वंशवादी और भ्रष्टाचारियों ने अपनी जमात का नाम बदल लिया है, लेकिन इनका चेहरा, आचरण और इरादे वही पुराने हैं। जब मध्यम वर्ग को कुछ सस्ता मिलता है, तो वे दावा करते हैं कि किसानों को (उनके उत्पादों के लिए) उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। जब किसानों को अच्छी कीमतें मिलती हैं, तो वे दावा करते हैं कि महंगाई बढ़ रही है।



### ...नहीं तो आज दूध 300 और दाल 500 रुपए किलो बिकती

महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए अपने प्रशासन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि यदि पिछली सरकार (कांग्रेस और उसके सहयोगियों की) सत्ता में बनी रहती तो एक लीटर दूध की कीमत 300 रुपए होती। उन्होंने कहा कि महंगाई के मामले में उनका ट्रैक रिकॉर्ड देखिए। जब वे सत्ता में थे, तो मुद्रास्फीति की दर 10 प्रतिशत थी। अगर हमने मुद्रास्फीति को नियंत्रित नहीं किया होता तो आज कीमतें आसमान छू रही होतीं। अगर वे वर्तमान में सत्ता में होते, तो आज कीमतें आसमान छू रही होतीं। एक लीटर दूध की कीमत 300 रुपए होती जबकि एक किलो दाल 500 रुपए में बेची जाती। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार कोरोना वायरस महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के बावजूद महंगाई को नियंत्रित करने में कामयाब रही। उन्होंने कहा, कि हमारे पड़ोसी देशों में महंगाई दर 25 से 30 प्रतिशत है। लेकिन, भारत में ऐसा नहीं है। हम महंगाई को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं और ऐसा करना जारी रखेंगे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के प्रयासों की बदौलत पिछले पांच साल में ही लगभग 13.5 करोड़ लोग गरीबी के चंगुल से बाहर आ गए हैं।



### विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने सौराष्ट्र नर्मदा अवतरण सिंचाई (एसएयूएनआई) योजना के आठवें और नौवें चरण सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। एसएयूएनआई योजना के तहत हाल में पूरे किए गए पैकेज के जरिये 95 गांवों में 52,398 एकड़ सिंचित भूमि को पानी और गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में लगभग 98,000 लोगों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य परियोजनाओं में एक बहु-स्तरीय फ्लाईओवर, एक जलशोधन संयंत्र और 33,000 से अधिक पुस्तकों वाला एक पुस्तकालय शामिल है।

### 1405 करोड़ रुपए का एयरपोर्ट

पीएम मोदी ने राजकोट शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। 1,405 करोड़ की लागत से बना यह एयरपोर्ट जल्द ही खोल दिया जाएगा। 23,000 वर्गमीटर में बने इस एयरपोर्ट पर हर घंटे 1,280 यात्रियों के संचालन की क्षमता है। एयरपोर्ट पर सोलर पावर सिस्टम, ग्रीन बेल्ट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग जैसी सुविधाएं हैं। यहां से एयरबस ए-380, बोइंग 747, बोइंग 777 जैसे विमान उड़ान भर और लैंड कर सकेंगे।

### केंद्रीय सड़क मंत्री ने कहा...

## हर सड़क का ऑडिट करके दुर्घटनाएं रोकने के निकालेंगे उपाय

**एजेंसी** | नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर सजग है और देश में सड़कों की गुणवत्ता में सुधार के बाद सड़क दुर्घटनाएं बढ़ने के संबंध में सड़क सुरक्षा ऑडिट कराके उपाय निकाले जाएंगे।

गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सड़क गुणवत्ता में सुधार के बाद तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और इस संबंध में सड़क सुरक्षा का ऑडिट किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के सदस्य निशिकांत दुबे के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हम सड़क सुरक्षा को लेकर सजग हैं। देश में हर सड़क का ऑडिट करके और जनता के सहयोग से उपाय निकालेंगे। गडकरी ने राजमार्गों पर जानवरों के आने से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर भी राज्य सरकारों को सलाह देने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के अनेक राज्यों में अच्छे राजमार्ग बने हैं जिन पर रात को किसान अपने जानवरों को छोड़ देते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजमार्गों पर इस तरह से जानवरों को आने से रोकने के लिए राज्य सरकारों को कोई कानून बनाकर इस दिशा में कदम उठाने को कहा जाएगा।

झारखंड के गोड्डा संसदीय क्षेत्र में कुछ फ्लाईओवर के निर्माण में देरी के संबंध में पूछे गये पूरक प्रश्न के उत्तर में गडकरी ने कहा कि उन्हें पता चला है कि निर्माण के लिए निविदा निकालने में काफी देरी हुई है जिससे निर्माण कार्य भी विलंबित हुआ है।

## विपक्ष 'इंडिया' गठबंधन की बैठक 25 अगस्त से

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विपक्ष 26 दलों वाले अपने 'इंडिया' गठबंधन की अगली बैठक 25 और 26 अगस्त को मुंबई में करेगा।

सूत्रों ने बताया कि गठबंधन की तीसरी बैठक कांग्रेस के समर्थन से शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। यह पहली बार है कि विपक्ष की बैठक ऐसे राज्य में होगी जहां 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में शामिल कोई भी दल सत्ता में नहीं है। विपक्षी दलों की पहली बैठक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा पटना में आयोजित की गई थी, दूसरी बैठक बेंगलुरु में आयोजित की गई थी और इसकी मेजबानी कांग्रेस ने की थी। मुंबई में आयोजित होने वाली बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें सीट बंटवारे के संबंध में चर्चा होने की उम्मीद है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय

# ज्ञानवापी केस में सुनवाई पूरी, 3 अगस्त को फैसला, तब तक सर्वे पर रोक

**एजेंसी** | प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को ज्ञानवापी सर्वेक्षण मामले में सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। अदालत तीन अगस्त को निर्णय सुनाएगी। तब तक एएसआई सर्वेक्षण पर लगी रोक बरकरार रहेगी।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अदालत में गुरुवार को अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर सुनवाई शुरू हुई। चूंकि मुख्य न्यायाधीश की अदालत में नियमित कार्य पूरा हो गया था, इसलिए न्यायमूर्ति दिवाकर ने दोनों पक्षों के वकीलों को बहस करने के लिए कहा। सुनवाई शुरू होने पर भारतीय



पुरात्व विभाग (एएसआई) के अपर निदेशक ने अदालत को बताया कि एएसआई किसी हिस्से में खुदाई कराने नहीं जा रही है। वह मुख्य न्यायाधीश के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि आपका का उत्खनन (एक्सकेवेशन) से क्या आशय है? एएसआई के अधिकारी ने कहा कि काल निर्धारण और पुरातत्विक गतिविधियों से जुड़ी किसी गतिविधि को उत्खनन कहा जाता है, लेकिन हम स्मारक के किसी हिस्से की खुदाई (डिगिंग) करने नहीं जा रहे।

मस्जिद कमेटी के वकील ने दलील दी कि वाद की पोषणीयता स्वयं उच्चतम न्यायालय में लंबित है और यदि उच्चतम न्यायालय बाद में इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि यह वाद पोषणीय नहीं है तो संपूर्ण कवायद बेकार जाएगी। इसलिए सर्वेक्षण उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद किया जाना चाहिए।

### मणिपुर केस की CBI करेगी जांच

**नई दिल्ली।** मणिपुर में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जाएगी और जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में इस बर्बर अपराध को करने वालों के लिए कठोरतम सजा सुनिश्चित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार इस मामले में मुकदमे की सुनवाई राज्य से बाहर, पड़ोसी राज्य असम में कराने का अनुरोध करेगी। मणिपुर में करीब तीन महीने से जारी जातीय हिंसा के कारण अभी तक करीब 150 लोगों की मौत हुई है। चार मई को महिलाओं के साथ हुई उत्पीड़न की इस घटना का वीडियो इस महीने सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद देश भर में आक्रोश व्याप्त हो गया था। अधिकारी ने बताया कि घटना का वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन बरामद होने के बाद यह पता चल सकेगा कि घटना किस रूप में हुई और वीडियो कैसे लीक हुआ। सरकार शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से इस मामले की सुनवाई राज्य से बाहर कराने का अनुरोध कर सकती है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय मेइती और कुकी समुदायों के संपर्क में है तथा मणिपुर में शांति बहाली के लिए बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है।

### अफजाल अंसारी जेल से रिहा

**गाजीपुर(उप्र)।** माफिया-राजनेता मुख्तार अंसारी के भाई पूर्व सांसद अफजाल अंसारी गुरुवार को गाजीपुर जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 24 जुलाई को 2007 के एक गैंगस्टर अधिनियम मामले में उसे जमानत प्रदान की थी, लेकिन इस मामले में गाजीपुर की एक अदालत द्वारा सुनायी गई कैद की सजा पर स्थगन लगाने से इनकार कर दिया। निचली अदालत के पिछले महीने के फैसले के बाद अंसारी संसद की सदस्यता के अयोग्य हो गया था। दोनों भाइयों पर 29 नवंबर, 2005 को हुई गाजीपुर के तत्कालीन विधायक कृष्णानंद की हत्या तथा 1997 में हुई वाराणसी के व्यापारी नंद किशोर की हत्या के सिलसिले में गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

## नृत्य नाटिका और कविता के जरिए कलाकारों ने दिया नारी सुरक्षा का संदेश

# संवेदना के किस तराजू में तोलेंगे कला?





**बेधड़क** | जयपुर

कलाकारों की कला जयपुर में शांति के लिए उजागर हुई। ओपन मंच पर युवा कलाकारों ने अपने एक्ट में कई मैसेज दिए और देश में शांति-सौहार्द का माहौल बनाने की बात की। ये अनूठा नजारा था जयपुर में युवा कलाकारों-कवियों की परफॉर्मेंस का, जो उन्होंने अल्बर्ट हॉल के सामने ओपन मंच पर की।

### कलात्मक प्रतिरोध प्रदर्शन किया

नृत्य कलाकार प्रियाक्षी अग्रवाल के नेतृत्व में नुक्कड़ नृत्य नाटिका के जरिए नारी सुरक्षा का संदेश दिया तो हर कोई उनकी इस पहल के साथ दिखाई दिया। इस दौरान स्वतंत्र कलाकारों, साहित्यकारों, चित्रकारों, कवियों, म्यूजीशियन व समाज सेवियों ने एकजुट होकर नारी हिंसा व शोषण के खिलाफ स्लोगन पट्टिकाओं, गीतों, कविताओं के जरिए कलात्मक प्रतिरोध प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने मणिपुर में जारी हिंसा के खिलाफ भी आवाज उठाई।

### इन सवालों के साथ की शुरुआत

कलाकारों ने इस सवालों भरी लाइन के साथ अपने प्रदर्शन की शुरुआत की। 'जो कलाकार सब जानकर, अब भी नहीं बोलेंगे तो फिर कला को संवेदना के किस तराजू में तोलेंगे? कलाकारों ने मणिपुर हिंसा को अखबारों की खबर पढ़कर नाटक प्रस्तुत किया। प्रियाक्षी और वृतिका ने कलरीपायट्टू मूवमेंट, रितेश सैनी ने गिटार, खुशी ने पेंटिंग द्वारा, शुभम ने हारमोनियम, आकाश पालीवाल ने डफ और गौरव, अंजली, विभांशु, भूपेंद्र, सुनील, लक्ष्य शर्मा सहित कई आर्टिस्ट ने कविताओं के माध्यम से विरोध जताया।

### नारी सुरक्षा की मौन अपील

प्रिया नाहर, चिराग मेघवाल, देव निर्मन, सक्षम जैन, वैभव ने पोस्टर पेटिंग बनाकर नारी सुरक्षा व शांति की मौन अपील की। वहीं, मीरा सक्सेना, समाज सेविका रीमा गोधा, समाज सेविका इंदू शर्मा ने स्लोगन के जरिए नारी सुरक्षा का मौन संदेश दिया। इसके अलावा महिलाओं के समर्थन में विशेष पेंटिग पर लाल रंग से अंगूठे से हस्ताक्षर कर नारी शक्ति की एकजुटता व सुरक्षा के लिए अवेयरनेस कैंपेन चलाया।

## सीसी सड़क का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने बरकत नगर वार्ड 137 के राधा गोविंद मार्ग में विधायक कोष से 10 लाख रुपए की लागत में बनाई गई सीसी सड़क का लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद दिनेश गौड़ ने बताया कि राधा गोविंद मार्ग बरकत नगर में सड़क टूटी हुई थी। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। स्थानीय लोगों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक सराफ ने विधायक कोष से सीसी सड़क का निर्माण करवाया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला पहनाकर एवं साफा बंधाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हरीश चंद्र अजमेरा, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, रोहित अजमेरा, जितेंद्र राजावत, रजत परनामी, गीता खंडेलवाल, राकेश सैनी, विजय सैनी, बीना शर्मा, सुधा शर्मा, बोधीलाल कुमावत, श्रवण कुमावत और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## थिएटर वर्कशॉप के लिए जेकेके में हुए साक्षात्कार

**बेधड़क. जयपुर।** कला संसार के तहत जवाहर कला केन्द्र और सार्थक थिएटर ग्रुप की ओर से 45 दिवसीय 'इंटेंसिव थिएटर वर्कशॉप' का आयोजन किया जाएगा। नाट्य निर्देशक साबिर खान के निर्देशन में प्रतिभागी रंगकर्म की बारीकियां सीखेंगे। इसके लिए इंटरव्यू गुरुवार को आयोजित किए गए। ऐसे में 15 वर्ष से अधिक के उम्मीदवारों ने जेकेके के रिसेप्शन पर आवेदन जमा कराए। अब उसी आधार पर प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। गौरतलब है 2004 से वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। वर्कशॉप से निकले अनूप सोनी, दौलत वैद्य, ऋषि शर्मा, अजीत सिंह पालावत, इप्शिता चक्रवर्ती, बासु सोनी, विशाल चौधरी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) में चयनित हुए। वहीं, धीरज चौधरी, अशोक मीणा, दिनकर शर्मा, रेश लांबा, अमित बिमरोट फिल्म एंड टेलीविजन (FTI) में जगह बनाने में कामयाब रहे।

## धनुष यज्ञ में श्रीराम विवाह




**बेधड़क. जयपुर।** वैशाली नगर के गंगासागर बी स्थित श्री राम-शिव-दुर्गा मंदिर में 9 दिवसीय श्रीमद राम कथा ज्ञान के 5वें दिन धनुष यज्ञ एवं श्रीराम विवाह की कथा हुई। कथा नरेन्द्र द्विवेदी शास्त्री द्वारा की जा रही है। इसके अंतर्गत श्री राम की बारात बैंड बाजे के साथ निकाली गई। कथा में हाथोज धाम के बाल मुकुंदा चार्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसके बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। कथा 31 जुलाई तक चलेगी। शुक्रवार को श्रीराम वन गमन लीला प्रसंग होगा।

## 'मणिपुर हिंसा' पर कैंडल मार्च




**बेधड़क. जयपुर।** महिला आयोग जयपुर धर्मप्रांत की ओर से मणिपुर हिंसा को लेकर गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें सभी संस्थाओं, एनजीओ जयपुर पास्टर फैलोरिस फादर्स सिस्टर्स सहित अन्य करीब 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मणिपुर में मानवता और सद्भाव के संदेश को बढ़ावा देने के साथ ही इस उपक्रम में भागीदार बनने का आह्वान किया गया। इस मार्च का मकसद शांति, सौहार्द और अखंडता के माहौल को बनाए रखना है, ताकि विभिन्न जातियों और समुदायों के बीच एकता बनी रहे और न ही किसी तरह के द्वंद्व का सामना करना पड़े। यह मार्च संत जेवियर्स स्कूल परिसर से शुरू हो कर स्टेच्यू सर्कल तक पहुंचा और वहां से पुनः संत जेवियर स्कूल पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

## City इवेंट्स

### सावन उत्सव में समाजसेवियों का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर सर्किल स्थित ब्लू प्लूटो, एंटरटेनमेंट पैराडाइज में 'सावन उत्सव' का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी एवं देश सेवा का कार्य कार्य करने वाले लोगों को श्रीराम आशापूरण चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नवीन भंडारी और सशक्तिकरण ग्रुप की विजया कोठारी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट एवं राधेश्याम गुप्ता रहे।

### गंगोत्री जल से होगा श्रीजी का अभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीकल्याणजी डिग्गीपुरी की 58वीं लक्खी पदयात्रा 22 अगस्त से शुरू होगी और गंगोत्री से जल लाकर कल्याण धणी का अभिषेक किया जाएगा। पदयात्रा चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर से रवाना होकर मदरामपुरा, हरसुलिया, फागी, चोसला होते हुए डिग्गीपुरी पहुंचेगी। वहां बड़ी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान न केवल जयपुर, बल्कि आस-पास के गांवों व शहरों से भी लोग शामिल होंगे। सभी की भोजन की व्यवस्था भी आयोजकों व भामाशाह की ओर से की जाएगी।

### रोटरी क्लब जयपुर विजन का शपथ समारोह



**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर विजन का शपथ समारोह होटल रेडिसन में हुआ। आरआई डिस्ट्रिक्ट 3056 के गवर्नर आरटीएन निर्मल कुनावत, एजी आरटीएन वाईपी सिंह की मौजूदगी में नए बोर्ड 2023-24 ने कार्यभार संभाला। अध्यक्ष रोटेरियन धनेश तलवार ने कहा कि इस वर्ष हमारे रोटरी जयपुर विजन की थीम नवोत्सव है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्मल कुणावत ने कहा कि नए अध्यक्ष धनेश तलवार, सचिव मुकेश मोदी, कोषाध्यक्ष सुमेर जैन और टीम नई ऊर्जा के साथ काम करेगी।

## जवाहर कला केन्द्र में 31 को होगा विशेष आयोजन

# प्रेमचंद की याद में साहित्य सत्र मो. रफी के लिए सुरों की शाम





**बेधड़क** | जयपुर

साहित्य, संगीत और रंगमंच को समर्पित पहल कला संसार 'मधुरम' के तहत जवाहर कला केन्द्र में साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती और गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर सोमवार को विशेष कार्यक्रम होगा। केन्द्र व राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद पर विभिन्न साहित्यिक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। पद्मश्री सुरेश वाडेकर सुरीले गीतों से शाम सजाएंगे। रंगायन सभागार में रविवार सुबह 11 बजे से रंगायन प्रेमचंद जयंती समारोह मनाया जाएगा। गोविंद माथुर की अध्यक्षता में 'प्रेमचंद की विरासत के मायने' विषय पर मनीषा कुलश्रेष्ठ और विक्रम सिंह विचार रखेंगे। रजनी मोरवाल संयोजन करेंगी।

दूसरे सत्र में दोपहर 2:30 से शाम 5:00 बजे तक डॉ. आरडी सैनी की अध्यक्षता और भागचंद सैनी के संयोजन में संवाद सत्र 'कहानी के नए स्वर' होगा। कविता मुखर, उमा और उषा दशोरा कहानी पाठ करेंगी तथा तस्नीम खान, राजाराम भादू व नितिन यादव समीक्षा करेंगे। शाम को 6:30 बजे सावन श्रृंगार कार्यक्रम में पद्मश्री सुरेश वाडेकर गीतों से समां बांधेंगे तो गायिका पद्मा वाड़ेकर उनके साथ मंच साझा करेंगी। दिनेश कुमार गोपी एंड ग्रुप के 8 कलाकार संगत करेंगे। गौरतलब है कि पद्मश्री सुरेश वाडेकर ने बॉलीवुड और मराठी फिल्मों के गीतों में आवाज का जादू बिखेरा है। फिल्म 'पहेली' में 'वृष्टि पड़े टापुर टुपुर' गीत के साथ उन्होंने अपना गायन का सफर शुरू किया था।

## आज से धरती के भगवान करेंगे सिंगिंग

**बेधड़क** | जयपुर

हजारों लोगों व कला प्रेमियों के बीच देश-दुनिया से अलग-अलग राउंड ऑडिशन होने के बाद चुने गए डॉक्टर्स अपनी सिंगिंग परफॉर्मेंस शुक्रवार से देंगे। उन्हें बॉलीवुड सिंगर पद्मश्री कुमार सानू, अल्का याग्निक, जतिन पंडित, पद्मश्री अहमद और मोहम्मद हुसैन जैसे नाम जज करेंगे। मौका होगा जयपुर में होने वाले डॉक्टर्स सिंगिंग इवेंट इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स का। इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी व संयोजक डॉ. सौरभ जैन, इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा, सीईओ प्राचीश प्रकाश आदि ने इसके लिए तैयारी की है।

अब अगले तीन दिन धरती के भगवान सिंगिंग में टैलेंट दिखाएंगे। प्रोग्राम मेंटर डॉ. गौरव जैन व रवीन्द्र उपाध्याय भी जुड़े हुए हैं। इसके लिए नेशनल ऑनलाइन ऑडिशन में 375 प्रतिभागी चुने गए हैं। 29 जुलाई को आरआईसी में होने वाले प्री-फिनाले के लिए कई डॉक्टर्स ने क्वॉलीफाई किया है।

**परिचर्चा** 'साम्प्रदायिक सद्भाव' विषय पर कवि ने सुनाई रचनाएं

# संगीत, संस्कृति को जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम

**बेधड़क** | जयपुर

साम्प्रदायिक सद्भाव विषय पर चर्चा करते हुए गीतों के जरिए देश की अखंडता के बारे में बताया गया। महात्मा गांधी इन्स्टीट्यूट ऑफ गवर्नेन्स एंड सोशल साइंसेज में हुए प्रोग्राम में जवाहर लाल नेहरु बाल साहित्य अकादमी के अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने कहा कि 'संगीत संस्कृति को जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है।'

उन्होंने शेख मुइनुद्दीन चिश्ती, अमीर खुसरो, जायसी, रसखान, दारा शिकोह, महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप से संबंधित प्रसंगों से 'गंगाजमुनी संस्कृति' को रेखांकित किया। साथ ही बदलती हुई राजनीतिक व सामाजिक परिस्थितियों में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाकर रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बताया।



### सद्भाव के संस्कार दिया जाना प्रांसगिक

कवि ने आज की वरिष्ठ पीढ़ी की ओर से नई पीढ़ी को सद्भाव के संस्कार दिए जाने को प्रांसगिक बताया। उन्होंने आधुनिक काल में 1857 के 'गदर' से सम्बन्धित सद्भाव की घटनाओं को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. बीएम शर्मा ने साम्प्रदायिक सद्भाव के माध्यम से देश की एकता व अखंडता के लिए 'गंगाजमुनी संस्कृति' को समृद्ध किए जाने को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा संस्थान की उपलब्धियों का विवेचन किया गया।

### इतिहास दर्शन और लेखन का विमोचन

प्रोग्राम में संस्थान में कार्यरत प्रो. विकास नौटियाल की इतिहास संबंधी चिंतन दर्शन की पुस्तक 'इतिहास दर्शन व लेखन' का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रो. सतीश राय, गांधीवादी विचारक सवाई सिंह, धर्मवीर कटेवा, प्रो. संजय लोढ़ा, डॉ. कमल नयन शल्य, प्रो. वेदप्रकाश शर्मा, प्रो. एसजी मोदानी, डॉ. निधि जैन व शहर के अनेक नागरिकों के साथ विभिन्न संस्थाओं के युवा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति अरुण द्वारा किया गया। अंत में संस्थान के विशेषाधिकारी प्रो. सौमित्र नाथ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023



लोग भले ही आप को नाम से जानते हों, लेकिन याद हमेशा स्वभाव से ही रखते हैं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप






## मिस्र और तुर्की दूतावास के सामने जलाई गई कुरान

# एक हफ्ते में तीसरी घटना मुस्लिम देश आग बबूला

**एजेंसी** | कोपेनहेगन

हाल ही में डेनमार्क और स्वीडन में पवित्र कुरान जलाने के मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ दिनों के अंदर ही अब तीसरी बार डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में कुरान जलाने का मामला सामने आया। मिस्र और तुर्की दूतावास के सामने कुरान का अपमान किया गया, जिससे दुनिया भर के मुस्लिमों में नाराजगी है। डेनमार्क और स्वीडन ने इस घटना की निंदा की है, लेकिन साथ ही उनका कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के नियमों के तहत वह इसे रोक नहीं सकते। पिछले सप्ताह इराक में प्रदर्शनकारियों ने बगदाद में स्वीडिश दूतावास को आग लगा दी थी। मंगलवार को कोपेनहेगन में डेनिश पैट्रियट्स नाम के एक ग्रुप ने कुरान जलाया है। इससे पहले ग्रुप ने सोमवार और पिछले सप्ताह इराकी दूतावास के सामने कुरान जलाया था। पिछले महीने स्वीडन में भी ऐसी दो घटनाएं देखने को मिली हैं। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने कुरान पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की है।



### बहरीन ने जताया विरोध

तुर्की ने सोमवार को डेनमार्क से इस्लाम के खिलाफ घृणा अपराध को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया। बहरीन ने स्वीडन के प्रभारी डी अफेयर को बुलाया और उन्हें स्टॉकहोम में कुरान जलाने की अनुमति देने के खिलाफ एक औपचारिक विरोध पत्र सौंपा। इराक के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यूरोपीय संघ के देशों के अधिकारियों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रदर्शन के अधिकार पर फिर से विचार करने का आह्वान किया है।

### 'हम कुछ नहीं कर सकते'

डेनमार्क ने इस तरह की घटना को भड़काऊ और शर्मनाक बताते हुए इसकी निंदा की है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकता। उसके पास अहिंसक प्रदर्शनकारियों को रोकने की शक्ति नहीं है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ फोन पर बातचीत की है।

## अंजू पर पाक सरकार का पहली बार आया बयान...

# वैध दस्तावेज से आई

### ■ सीमा हैदर पर भी किया गया बड़ा दावा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद/नई दिल्ली।

भारतीय महिला अंजू और पाकिस्तान की सीमा हैदर को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि अंजू वैध दस्तावेज के आधार पर पाकिस्तान आई हैं।

सीमा हैदर पर कहा कि भारत ने अभी तक सीमा हैदर से मिलने के लिए काउंसलर एक्सेस नहीं दिया है। इसकी वजह से सीमा हैदर के नागरिकता की पुष्टि नहीं हो पाई है। अंजू और सीमा को लेकर पाकिस्तान से लेकर भारत तक विवाद बना हुआ है। अंजू के बारे में पाकिस्तान की पुलिस की ओर से कहा जा रहा है कि उन्होंने पाकिस्तानी नसरुल्ला से शादी कर ली है। वहीं, उसके कथित पाकिस्तानी पति ने कहा कि अंजु को पाक सरकार इस्लाम अपनाने के कारण नौकरी और घर देगी। इधर, अंजू के पति अरविंद ने कहा कि अंजू ने उससे तलाक मांगा है।





### अंजू को पाक सरकार देगी नौकरी

अंजू, जो अब फातिमा बन गई हैं, के कथित पाकिस्तानी पति नसरुल्ला ने दावा किया है कि अब पाकिस्तान की सरकार अंजू को नौकरी और घर देगी। उसने कहा कि अंजू भारत जाकर अपने बच्चों को लेकर आएगी। उसने कहा कि अंजू सब कुछ अपनी मर्जी से कर रही है। नसरुल्ला ने बताया कि इस्लाम अपनाने की वजह से अब अंजू को जल्द ही पाकिस्तानी नागरिकता मिल जाएगी।

### अरविंद ने कहा- अंजू मांग रही तलाक

यह भी दावा किया जा रहा है कि अंजू ने इस्लाम अपना लिया है और वह अब फातिमा बन गई है। खुद अंजू ने इन दोनों ही दावों का खंडन किया है। उनका कहना है कि मैंने निकाह नहीं किया है। अंजू ने साथ ही यह भी कहा कि वह जल्द ही भारत आएंगी। इस बीच अंजू के पति अरविंद ने खुलासा किया है कि 25 जुलाई को उनकी आखिरी बारी अंजू से बातचीत हुई थी। अंजू ने मुझसे तलाक मांगा था। अरविंद ने कहा कि अंजू को तब तक नहीं रखूंगा जब तक बच्चे नहीं चाहेंगे।

### दावा: यूक्रेनी सेना को भारी नुकसान

**कीव।** रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन के जपोरिजिया क्षेत्र में भीषण युद्ध हो रहा है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने पहले बताया था कि कीव ने रूसी सेना को पीछे धकेलने का अभियान शुरू किया है। अफ्रीकी नेताओं के सम्मेलन के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में मौजूद पुतिन ने कहा कि जिस 'बहादुरी' से रूसी सेना ने यूक्रेन के हमलों का जवाब दिया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने दावा किया कि रूसी सेना ने कीव के बलों को भारी नुकसान भी पहुंचाया है।

## उत्तर कोरिया-रूस में सैन्य सहयोग...

# किम जोंग की रूसी मंत्री से वार्ता

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने सैन्य मुद्दों और क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल पर चर्चा के लिए रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। देश 1950-53 के युद्धविराम की 70वीं वर्षगांठ मना रहा है।

उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने बताया कि किम और शोइगु की मुलाकात बुधवार को राजधानी प्योंगयांग में हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने 'राष्ट्रीय रक्षा तथा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के माहौल को लेकर आपसी चिंता के मामलों' पर सहमति व्यक्त की। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि दोनों ने क्या चर्चा की। केसीएनए ने यह भी बताया कि किम शोइगु को एक हथियार प्रदर्शनी में भी ले गए, जहां उत्तर कोरिया के कुछ नए हथियारों को रखा गया था। किम ने शोइगु को देश की सैन्य क्षमताओं का विस्तार करने की राष्ट्रीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बुधवार को शोइगु ने उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन नाम के साथ भी बातचीत की।



## वैज्ञानिकों ने दी तबाही की चेतावनी

# कहीं गर्मी-कहीं भारी बारिश का असर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर धरती यूं ही गर्म होती रही तो समुद्री धाराओं की एक महत्वपूर्ण प्रणाली कुछ दशकों में ध्वस्त हो सकती है। यह दुनिया के मौसम के लिए विनाशकारी होगा और हर व्यक्ति इससे प्रभावित होगा।

नेचर जर्नल में मंगलवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया कि अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग करंट (अमोक) जिसका गल्फ स्ट्रीम एक हिस्सा है सदी के मध्य में या 2025 की शुरुआत में ढह सकता है। यह एक महत्वपूर्ण प्रणाली है। इसके ध्वस्त होने का सटीक बिंदु अनिश्चित है। इससे बारिश का पैटर्न भी बिगड़ेगा।



### पहले भी हुआ है ऐसा

ऐसा पहले भी हुआ है। 12,000 साल से भी पहले तेजी से ग्लेशियर पिघले थे और तब 'अमोक' बंद हो गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि एक दशक के भीतर ही उत्तरी गोलार्ध के तापमान में 10-15 डिग्री सेल्सियस का भारी उतार चढ़ाव देखा गया। वैज्ञानिक पीटर डी मेनोकल का कहना है कि 'अमोक' का बंद होने धरती पर मौजूद हर व्यक्ति को प्रभावित करेगा। चाहे वह अमेरिका, चीन, भारत या रूस में क्यों न हो। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार अमोक इस सदी में कमजोर हो जाएगा, लेकिन साल 2100 से पहले इसके पूर्ण रूप से ढहने की संभावना नहीं है, लेकिन नई स्टडी डराने वाली है।

### संतुलन बिगड़ने से बढ़ा खतरा

जलवायु संकट के तेज होने के कारण वैज्ञानिक वर्षों से इसकी अस्थिरता की चेतावनी देते रहे हैं। इन धाराओं की ताकत तापमान और खारेपन पर निर्भर करती है, लेकिन संतुलन बिगड़ने से इन्हें खतरा होगा। जैसे-जैसे महासागर गर्म होते हैं और बर्फ पिघलती है, वैसे-वैसे साफ पानी समुद्र में मिलता है। इससे पानी का घनत्व कम हो जाता है, जिससे वह डूबने में कम सक्षम हो जाता है। जब पानी बहुत ताजा, बहुत गर्म या दोनों हो जाता है तो यह 'कन्वेयर बेल्ट' बंद हो जाता है।

## NASA की बत्ती हुई गुल तो रूस ने की अंतरिक्ष में मदद...

# जमीन पर कट्टर शत्रु, आसमां में दोस्त

**एजेंसी** | वाशिंगटन

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के बीच अंतरिक्ष में दोनों देशों के बीच हाल ही में अंतरिक्ष में तब सौहार्द देखने को मिला, जब अमेरिका के ह्यूस्टन स्थित नासा के दफ्तर में बत्ती गुल हो गई और मिशन कंट्रोल तथा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के बीच संपर्क टूट गया। इस वजह से मिशन नियंत्रण कक्ष से अंतरिक्ष स्टेशन पर आदेश नहीं भेजा जा सका और कक्षा में मौजूद सात अंतरिक्ष यात्रियों से बात नहीं की जा सकी। ऐसा पहली बार हुआ जब अंतरिक्ष एजेंसी को बैकअप नियंत्रण प्रणालियों पर भरोसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। साथ ही आउटेज के 20 मिनट के भीतर, रूसी संचार प्रणालियों की मदद लेनी पड़ी और उसके माध्यम से चालक दल को समस्या के बारे में सूचित किया गया। बता दें कि ह्यूस्टन के जॉनसन स्पेस सेंटर की इमारत में उन्नयन का काम चल रहा था, जिसके चलते बिजली गुल हो गई थी। करीब 90 मिनट तक नासा में बत्ती गुल रही। रूस के साथ तनाव के दौरान ऐसा पहली बार हुआ है जब अमेरिकी स्पेस एजेंसी को रूस की मदद लेनी पड़ी है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl